इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव






# दिल्ली में 50 साल पुरानी बिल्डिंग गिरी: 4 की मौत, 25-30 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के व्यस्त सत्या निकेतन इलाके में रविवार दोपहर छात्रों के रहने वाला एक पीजी (पेइंग गेस्ट) बिल्डिंग अचानक ढह गई। हादसे में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक अब तक 9 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है, लेकिन मलबे के नीचे अभी भी कई अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि घटना की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा- जो भी व्यक्ति घटना का जिम्मेदार होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा को इस दुर्घटना की सूचना दोपहर करीब 1.30 बजे प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, ढहने वाली संरचना एक पांच मंजिला इमारत थी और बचाव दल वहां पहुंचकर स्थिति की गंभीरता का जायजा लेते हुए विवरणों की पुष्टि कर रहे हैं।

### एनडीआरएफ और दमकल की टीमें मौके पर तैनात

हादसे के बाद बचाव अभियान को तेज करने के लिए



राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की एक टीम को भी तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है, जहां वरिष्ठ अधिकारी खुद पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि स्थिति से निपटने के लिए घटनास्थल पर पुलिस बलों के साथ-साथ पांच दमकल गाड़ियों को भी तैनात किया गया है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि वर्तमान में मलबे में फंसे या घायल हुए लोगों की सटीक संख्या का पता नहीं चल पाया है। जैसे ही स्थिति और तथ्य प्रमाणित होंगे, इसकी आधिकारिक जानकारी साझा की जाएगी।

### राहुल गांधी ने जताया दुख

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने एनडीआरएफ, दिल्ली अग्निशमन विभाग और अन्य बचाव दलों से मलबे में फंसे लोगों तक जल्द पहुंचने की अपील की है। राहुल गांधी ने कहा कि बचाव दलों को हर संभव कोशिश करनी चाहिए, ताकि किसी की जान बचाने में कोई कमी न रहे। उन्होंने घायलों को तुरंत बेहतर इलाज देने की भी अपील की है। राहुल गांधी ने पीजी में रहने वाले छात्रों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पर्याप्त हॉस्टल नहीं होने के कारण छात्रों को पीजी में रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### बेसमेंट में चल रहा था मरम्मत का काम

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला कि इमारत करीब 40 से 50 साल पुरानी थी। इसमें बेसमेंट के अलावा पांच मंजिल थीं। इमारत का इस्तेमाल पीजी के तौर पर किया जा रहा था। हादसे के समय बेसमेंट में मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दिल्ली बिल्डिंग हादसे पर अमित शाह ने जताया दुख, सीएम रेखा गुप्ता की मौजूदगी में चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन

नई दिल्ली। दिल्ली के सत्य निकेतन में बहुमंजिला इमारत गिरने के हादसे को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया है। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली पुलिस कमिश्नर और एनडीआरएफ के महानिदेशक से बात कर हालात की जानकारी ली। हादसे के बाद राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। अब तक छह लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है, जबकि दो व्यक्ति की मौत की जानकारी सामने आई है। अमित शाह ने हादसे के मद्देनजर अपना गोवा का कार्यक्रम भी रद्द कर दिया है। उन्हें रविवार को गोवा के चिंबेल में नवनिर्मित बीजेपी प्रदेश कार्यालय की इमारत का उद्घाटन करना था।



### घायलों को हर संभव मदद दी जा रही-शाह

अमित शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सत्य निकेतन में इमारत गिरने की घटना पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली पुलिस कमिश्नर और एनडीआरएफ के डीजी से बात कर मौके की स्थिति का जायजा लिया है। गृह मंत्री ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें आपसी समन्वय के साथ बड़े स्तर पर राहत और बचाव अभियान चला रही हैं। घायलों को जरूरी चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

उन्होंने हादसे में घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हादसे की जानकारी मिलते ही सत्य निकेतन पहुंचीं। उनके साथ दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा भी मौजूद रहे। बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रही हैं। मौके पर राहत और बचाव कार्य में कई एजेंसियां जुटी हैं। मलबे में फंसे लोगों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।

# कैलिफोर्निया में प्लेन क्रैश, 2 की मौत; 2 घायल

नई दिल्ली। अमेरिका के कैलिफोर्निया से एक बड़ी और दुखद खबर सामने आ रही है। स्थानीय समयानुसार शनिवार दोपहर को उत्तर-पश्चिम फ्रेस्नो इलाके में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस भीषण हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फ्रेस्नो फायर डिपार्टमेंट के अधिकारियों के मुताबिक, यह विमान हादसा सिएरा स्काई पार्क एयरपोर्ट के पास ब्लीथ एवेन्यू के नजदीक हुआ। घटना की सूचना मिलते ही कई आपातकालीन एजेंसियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया।



### कई एजेंसियों ने संभाला मोर्चा

फ्रेस्नो फायर डिपार्टमेंट ने पुष्टि की है कि विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले और घायल होने वाले लोगों की तुरंत पहचान उजागर नहीं की गई है। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दोनों लोगों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस दुर्घटना के बाद इलाके में कई सुरक्षा और आपातकालीन एजेंसियों ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाल लिया। फ्रेस्नो पुलिस विभाग, फ्रेस्नो फायर डिपार्टमेंट, फ्रेस्नो काउंटी शेरिफ कार्यालय और नॉर्थ सेंट्रल फायर डिपार्टमेंट की टीमें तुरंत राहत कार्य में जुट गईं। इसके अलावा, बिजली कंपनी पीजीएंडई की टीम भी मौके पर पहुंची क्योंकि इस दुर्घटना की वजह से आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पर भी आंशिक असर पड़ा था। अधिकारियों ने बताया कि यह छोटा विमान फ्रेस्नो के उत्तर-पश्चिम में स्थित ब्लीथ एवेन्यू पर बने सिएरा स्काई पार्क एयरपोर्ट के पास दुर्घटना का शिकार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सागर में जहरीली शराब पीने से 11 लोगों की मौत, 25 से ज्यादा रेफर, 20 के खिलाफ एफआईआर

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के सागर जिले से शराब से जुड़ा बड़ा मामला सामने आया है। बंडा अनुविभाग के घूघरा, जालमपुर और बराज समेत आसपास के गांवों में संदिग्ध शराब पीने के बाद कई ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 25 से ज्यादा मरीजों को जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया है। घटना के बाद प्रशासन और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

सागर जिले के बंडा क्षेत्र में संदिग्ध शराब के सेवन के बाद ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया है। घूघरा, जालमपुर और बराज समेत आसपास के गांवों में कई लोगों के अचानक बीमार पड़ने की सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन सक्रिय हो गया। बीमार ग्रामीणों को इलाज के लिए



पहले सिविल अस्पताल बंडा पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए जिला अस्पताल सागर रेफर किया जा रहा है। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेश पटेरिया के मुताबिक संदिग्ध शराब के सेवन के बाद अब तक 11 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। वहीं, 25 से ज्यादा मरीजों को उपचार के लिए सागर भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम बीती रात से ही प्रभावित क्षेत्र में तैनात है। अधिकारियों की ओर से ग्रामीणों से अपील की गई है कि यदि किसी व्यक्ति में शराब सेवन के बाद असामान्य या गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं तो उसे घर पर रखने के बजाय तुरंत अस्पताल लेकर जाएं।

### कलेक्टर और एसपी ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

मामले की गंभीरता को देखते हुए सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल और पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे। अधिकारियों ने गांवों का दौरा कर हालात की जानकारी ली। इसके बाद अधिकारियों ने बंडा अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों के उपचार की व्यवस्था का जायजा लिया और स्वास्थ्य अधिकारियों को मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। घटना के बाद पुलिस और आबकारी विभाग ने भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कांग्रेस का राज्यों में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल, सुखदेव भगत को छत्तीसगढ़ की कमान; भूपेश बघेल असम भेजे गए

रायपुर। चुनावी तैयारियों के बीच कांग्रेस ने राज्यों के संगठन में बड़ा बदलाव किया है। पार्टी ने झारखंड के लोहरदगा से सांसद सुखदेव भगत को छत्तीसगढ़ कांग्रेस का नया प्रभारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही प्रदेश के मौजूदा प्रभारी सचिन पायलट को पंजाब भेजा गया है।



फेरबदल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जिम्मेदारी भी बदली गई है। उन्हें पंजाब प्रभारी पद से हटाकर अब असम का प्रभारी बनाया गया है। पंजाब में पार्टी के भीतर चल रही खींचतान के बीच यह बदलाव हुआ है। वहां भूपेश बघेल की कार्यप्रणाली को लेकर कुछ नेताओं की नाराजगी सामने आने की बात कही जा रही थी।

### कौन हैं सुखदेव भगत?

सुखदेव भगत लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं और झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। सरकारी सेवा छोड़कर उन्होंने 2005 में चुनावी राजनीति में कदम रखा था। 2019 में भाजपा में शामिल होने के बाद जनवरी 2022 में कांग्रेस में लौट आए। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने लोहरदगा सीट से जीत हासिल की।

# ईरान ने अमेरिका के हमले का दिया जवाब, अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और डिस्ट्रॉयर पर दागी मिसाइलें



नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच ईरान ने अमेरिकी नौसेना के दो युद्धपोतों को निशाना बनाने का दावा किया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की एयरोस्पेस फोर्स के मुताबिक, अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और एक डिस्ट्रॉयर पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं।

ईरानी सरकारी प्रसारक IRIB के जरिए जारी बयान में IRGC ने आरोप लगाया कि अमेरिकी युद्धपोत ईरानी जहाजों को परेशान कर रहे थे और ईरान के खिलाफ लगाई गई नौसैनिक नाकाबंदी का हिस्सा थे।

### ईरान ने क्या दावा किया?

IRGC के मुताबिक, मिसाइल हमले के बाद दोनों अमेरिकी युद्धपोत संघर्ष क्षेत्र से पीछे हटने के लिए मजबूर हुए। ईरानी सेना ने दावा किया कि जहाजों को नुकसान पहुंचा है और एक और हमले की आशंका के कारण उन्होंने इलाका छोड़ दिया। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि सामने नहीं आई है। ऐसे में अमेरिकी युद्धपोतों को हुए कथित नुकसान के ईरानी दावे को फिलहाल दावे के तौर पर ही देखा जा रहा है।

### होर्मुज में भी बढ़ा तनाव

यह घटनाक्रम रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बढ़ते तनाव के बीच सामने आया है। इससे पहले IRGC की नौसेना ने दावा किया था कि उसने होर्मुज से गुजर रहे तीन तेल टैंकरों को निशाना बनाया। ईरान ने इन जहाजों के मार्ग को 'अनधिकृत' बताया था। ईरानी सेना ने क्षेत्र में मौजूद अन्य जहाजों को भी चेतावनी दी कि वे उसके बताए प्रतिबंधित या अनधिकृत समुद्री मार्गों से गुजरने की कोशिश न करें।

### ईरान ने US हमलों को बताया कार्रवाई की वजह

IRGC Na14 के बयान के मुताबिक, यह कार्रवाई अमेरिका द्वारा ईरान से जुड़े तीन तेल टैंकरों पर किए गए हमले के जवाब में की गई। ईरान का आरोप है कि अमेरिकी सेना ने उसके तीन तेल टैंकरों को निशाना बनाकर नुकसान पहुंचाया। इसके बाद ईरानी बलों ने अमेरिकी हितों से जुड़े जहाजों के खिलाफ कार्रवाई की। इस बीच अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान को सीधी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने अमेरिकी नौसेना के जहाजों पर हमला किया तो अमेरिका उसके तेल टैंकरों को नष्ट कर देगा। हेगसेथ ने सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सर्चिंग के दौरान मिला नक्सलियों का नया ठिकाना! 30 किलो विस्फोटक बरामद, टिफिन IED मौके पर नष्ट

कोंडागांव। छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। मर्दापाल थाना क्षेत्र के जंगल-पहाड़ी इलाके में सर्चिंग और डी-माइनिंग अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियार और विस्फोटक सामग्री का डंप बरामद किया है।



कार्रवाई आत्मसमर्पित माओवादियों से मिली जानकारी के आधार पर की गई। बरामद सामान में एक 9 एमएम पिस्टल के साथ करीब 30 किलो विस्फोटक सामग्री शामिल है। इसके अलावा करीब 10 किलो वजन की टिफिन आईईडी भी मिली, जिसे बीडीएस टीम ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस के मुताबिक, जिले में नक्सलियों द्वारा जंगल और पहाड़ी इलाकों में छिपाकर रखे गए हथियार, आईईडी और अन्य सामग्री की तलाश के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान आत्मसमर्पित माओवादियों से मिली जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को मर्दापाल थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में रवाना किया गया। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज बद्रीनाथ मीणा और कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अभियान में नक्सल सेल, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और बीडीएस की संयुक्त टीम शामिल रही।

### जंगल-पहाड़ी इलाके में की गई सर्चिंग

संयुक्त टीम ने ग्राम कोरमेल, पुसपाल मोखामारी के जंगल और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में सर्चिंग शुरू की। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी करने के बाद व्यवस्थित तरीके से तलाशी और डी-माइनिंग अभियान चलाया। सर्चिंग के दौरान टीम को जंगल में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बैंकों और रेलवे में भ्रष्टाचार की सर्वाधिक शिकायतें: सीवीसी

# सरकारी विभागों के विरुद्ध भ्रष्टाचार की सीवीसी को 70,584 शिकायतें मिली

**नई दिल्ली। सेन्ट्रल विजि लेन्स कमिशन (cvc) की रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष सरकारी संस्थाओं के विरूद्ध भ्रष्टाचार की 70,500 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिसमें सर्वाधिक शिकायतें बैंको और रेलवे के विरूद्ध थी। रिपोर्ट के अनुसार, कमिशन की ओर से कार्यरत मुख्य सर्तकता अधिकारियों को कुल 70,584 शिकायतें मिली थी। इनमें से 31 दिसम्बर, 2025 तक में 64,905 शिकायतों का निराकरण किया गया था।**

सी.वी.सी. की वार्षिक रिपोर्ट 2025 में जानकारी दी है कि 2025 के अंत तक में कुल 5,679 शिकायतें जांच बगैर की थी अथवा, कार्यवाही की गई थी। इनमें से 2002 शिकायतें तीन माह से अधिक समय से पेन्डिग थी। सी.वी.ओ. तीन माह के भीतर शिकायतों की जांच पूर्ण करेंगे, ऐसी अपेक्षा है।

### बैंको की अधिक शिकायतें मिली

रिपोर्ट में जानकारी दी है कि कमिशन कालान्तर से शिकायतों की शीघ्र कार्यवाही-निराकरण सुनिश्चित करने के लिए सी.वी.ओ. के पास शेष शिकायतों की समीक्षा होती है। बैंको की सी.वी.ओ. के पास सर्वाधिक 9,933 शिकायतें थी। इनमें से 9,520 शिकायतों का निराकरण किया गया था। जब कि, 413 शिकायतें पेन्डिग थी। इनमें से भी कई शिकायतें तीन माह से भी अधिक समय के लिए पेन्डिग थी। किन सरकारी विभागों में कितनी शिकायतों का अम्बार था? जानकारी निम्नानुसार- बैंको की 9933, रेलवे की 9301, स्थानीय संस्थाएं 4834, कोयला सेक्टर-4110, दिल्ली सरकार 2004, पेट्रोलियम मंत्रालय-2722, दिल्ली पुलिस 2633, वित्त क्षेत्र-3,107, परिवहन और लोक निर्माण 2,139 और आवास और शहरी बाबत् 6,531 शिकायतें मिली थी।

# झीरम हमले में 10 दोषी, मास्टरमाइंड से पूछताछ तक नहीं: सरेंडर के बाद देवजी पढ़ता रहा, 12वीं की परीक्षा दी, 33 अब भी फरार

रायपुर। 25 मई 2013 के झीरम घाटी नरसंहार मामले में 13 साल बाद जगदलपुर की स्पेशल NIA कोर्ट ने 10 नक्सलियों को दोषी ठहराया है। 11 आरोपियों में से एक की ट्रायल के दौरान मौत हो गई थी। दोषियों की सजा पर फैसला 16 सितंबर को होगा। सीएम साय ने कहा कि कोर्ट के इस फैसले का सभी को स्वागत करना चाहिए।

बता दें कि, लंबे ट्रायल में 101 गवाहों के बयान दर्ज हुए और दस्तावेज और दूसरे सबूत पेश किए गए। बचाव पक्ष फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देगा। हमले में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत 29 लोगों की जान गई थी। हालांकि, जांच में सामने आए बड़े नामों को लेकर अब भी सवाल हैं।



अभियोजकों के मुताबिक झीरम हमले के मास्टरमाइंड थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी ने 24 फरवरी 2026 को तेलंगाना में सरेंडर किया था। इसके बाद उसने 12वीं की परीक्षा भी दी, लेकिन अब तक उससे पूछताछ नहीं हुई है। जांच के मुताबिक, हमले की प्लानिंग करीब 3 महीने पहले की गई थी और जंगल में कैंप बनाकर राशन जुटाया गया था।

### ये 10 आरोपी दोषी पाए गए

कोर्ट ने प्रमिला मोडियम, चैतू लेकाम उर्फ मुन्ना, सुमित्रा पुनेम, मोडियम मुक्का, मंडवी कोसा कवासी उर्फ कोसाराम, आयाता मरकाम, मड़ाकामी देवा, जोगा मड़ाकामी, बंजामी सन्ना उर्फ चामरू उर्फ डेंगा और महादेव नाग को दोषी माना है। मामले में नामजद कई अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। करीब 33 आरोपी अदालत की पकड़ से बाहर बताए जा रहे हैं। इनमें कुछ ऐसे आरोपी भी हैं, जिन्होंने बाद में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना में सरेंडर कर दिया। जांच रिकॉर्ड के मुताबिक, थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी घटना के समय माओवादी संगठन की क्षेत्रीय कमान में सीनियर कमांडर था। वहीं, बारसे सुक्का उर्फ देवा दरभा डिवीजन कमेटी का सचिव रहा और बाद में बटालियन-1 का कमांडर बना। जांच में दोनों की भूमिका झीरम हमले से जुड़ी बताई गई है। NIA ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# झीरम घाटी फैसले पर सीएम साय का कांग्रेस पर पलटवार: बोले- सबूत थे तो 13 साल में एनआईए को क्यों नहीं दिए?

रायपुर। झीरम घाटी मामले में एनआईए कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस की ओर से उठाए जा रहे सवालों पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच एनआईए को उस समय सौंपी गई थी, जब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी। करीब 13 वर्षों तक जांच और न्यायिक प्रक्रिया चली, जिसमें 100 से अधिक गवाहों के बयान दर्ज हुए। तमाम तथ्यों और साक्ष्यों के परीक्षण के बाद अदालत ने 10 आरोपियों को दोषी ठहराया है। दोषियों की सजा पर 16 सितंबर को फैसला होना है।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एनआईए देश की प्रमुख जांच एजेंसियों में से एक है और इस मामले की जांच लंबे समय तक चली। उन्होंने कांग्रेस नेताओं से सवाल किया कि यदि उनके पास मामले से जुड़े कोई तथ्य, प्रमाण या सबूत थे तो उन्हें जांच एजेंसी के सामने क्यों नहीं रखा गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुराने बयान का जिक्र करते हुए साय ने कहा कि जब वे विपक्ष में थे, तब सबूत जेब में होने की बात कहते थे। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि यदि उनके पास वास्तव में कोई सबूत था तो उसे एनआईए को क्यों नहीं सौंपा गया।

### कांग्रेस पर 'फूट डालो और राज करो' की नीति का आरोप

कांग्रेस में प्रभारियों के फेरबदल को लेकर भी मुख्यमंत्री साय ने निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की राजनीति आज भी 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर चल रही है और पार्टी के भीतर गुटबाजी व आपसी खींचतान लगातार सामने आती रहती है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

## अशांति फैलाने वाले बदमाश को पुलिस ने दबोचा



राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आगामी त्योहारों के दौरान शांति भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस चौकी सुरगी एवं चिखली पुलिस ने संयुक्त तत्परता दिखाते हुए राहगीरों से गाली-गलौज व विवाद कर अशांति फैलाने वाले एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। योहारों के मद्देनजर असामाजिक तत्वों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रविवार, 6 सितंबर को सूचना मिली कि शांतिनगर (वार्ड क्रमांक 10, चौकी चिखली क्षेत्र) निवासी शेख निसार मोहम्मद उर्फ तसलीम खान (पिता नसीम खान, उम्र 20 वर्ष) आने-जाने वाले लोगों के साथ अकारण गाली-गलौज और विवाद कर रहा है, जिससे इलाके में शांति भंग होने और अप्रिय घटना घटित होने की आशंका बन गई थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी को मौके पर ही धर दबोचा। आरोपी के कृत्य को देखते हुए उसके विरुद्ध धारा 170, 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई तथा उसे सक्षम न्यायालय में पेश किया गया।

## ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र के ग्राम जोरातराई एवं मुढ़ीपार के बीच ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। उक्त अज्ञात मृतक 30 से 35 वर्ष के करीब का है। मृतक लाल रंग की टी-शर्ट तथा नीला ब्लोअर पहन रखा है। बताया जाता है कि उक्त यात्री नागपुर से रायपुर के बीच सफर कर रहा था। इस बीच ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई। मृतक के संबंध में जानकारी रखने वाले सोमनी थाना के 94791 92115 या जीआरपी थाना स्थानीय रेल्वे स्टेशन में संपर्क कर सुचित कर सकते हैं।

## मोहड़ वार्ड में फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

राजनांदगांव (दावा)। बंसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहड़ वार्ड नं. 49 में एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का नाम रेखा साहू बताया जाता है। 48 वर्षीया रेखा साहू अपने पति व ससुराल को छोड़कर अपने प्रेमी लेखु श्रीवास के साथ मोहड़ में रह रही थी। बताया जाता है कि वह अपने सामाजिक बहिष्कार से परेशान थी। बीती रात अपने प्रेमी के साथ किसी बात पर कहासुनी हो गई। बाद में उक्त महिला ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। मृतका द्वारा सुसाइड नोट लिख रख छोड़े जाने की भी जानकारी मिली है। घटना के संबंध में वार्ड पार्षद संजय साहू ने बताया कि उसका पति लेखु श्रीवास सुबह उसके पास आया और उसकी पत्नी नहीं उठ रही है कहकर उसे उठाने के लिए कहा। इस पर उन्होंने सीधे बसंतपुर थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच कर दरवाजा तोड़ कर मृतका के शव को अपने कब्जे में किया और पंचनामा करा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बंसंतपुर पुलिस फिलहाल मामले को लेकर आगे की जांच में जुट गई है।

## श्रीमती सरस्वती वर्मा का निधन



बेलगांव(दावा)। ग्राम बेलगांव के समीप स्थित ग्राम कोलेन्द्रा निवासी श्रीमती सरस्वती वर्मा का निधन हो गया। श्रीमती वर्मा गांव में मितानिन के पद पर कार्यरत थी। वे अपने पीछे पति, पुत्र, पुत्री नाती-पोती सहित भरापूरा परिवार छोड़ कर चली गई। उनका अंतिम संस्कार गांव की मुक्ति धाम में किया गया।







# बीजाभांठा में अवैध मुरूम उत्खनन की शिकायत मिलने पर की गई कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बीजाभांठा में अवैध मुरूम उत्खनन की शिकायत मिलने पर खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा स्थित का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम बीजाभांठा के कुछ ग्रामीणों की सहमति से अमलीडीह टोलागांव निवासी संजय कठोलिया को उत्खनन के लिए दिया गया है। उत्खनन के दौरान ग्राम बीजाभांठा के भांठा तालाब के लगभग 15.20 फीट पार (मेड) को तोड़ दिया गया है। खनिज मुरूम को बिना वैध अनुमति के अन्यत्र उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। मौके से चैन मांउटेन सिरियल नंबर एसपी 20-68034, मॉडल नंबर ईएक्स 200-5जी एवं चैन माउंटेन लोडर वाहन नंबर सीजी 4 जेडी 1520 को जप्त कर ग्राम पंचायत सरपंच को सुपुर्द कर दिया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार डोंगरगांव, पटवारी, खनिज विभाग की टीम एवं ग्रामीण उपस्थित थे। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## राज्य स्तरीय शतरंज में स्वर्णा वर्मा ने जमाई धाक, अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलेगी



राजनांदगांव (दावा)। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय शतरंज (चेस) प्रतियोगिता मुंगेली में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए राजनांदगांव शहर की स्वर्णा वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत हासिल की है। इस सफलता के साथ अब वह राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालय सुकुलदैहान की 13 वर्षीय कक्षा 8वीं की छात्रा स्वर्णा वर्मा ने अंडर 14 शतरंज वर्ग में लगातार जिला, संभाग और अब राज्य स्तर पर जीत हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। ज्ञात हो इससे पहले उन्होंने जिला और दुर्ग संभाग के लिए खेलते हुए रैंक 1 से जीत हासिल की थी, जिससे उनका चयन राज्य स्तर के लिए हुआ था। उनकी इस उपलब्धि से उनके विद्यालय, जिले और पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन हुआ है।

स्वर्णा वर्मा ने महज 5 वर्ष की उम्र से अपने पिता के साथ शतरंज खेलना शुरू कर दिया था और अब 13 वर्ष की उम्र में ही राष्ट्रीय स्तर पर खेलने अपनी जगह बनाई है। घर पर ही पिता के मार्गदर्शन में लगातार अभ्यास करते हुए उन्होंने इस खेल में अपनी रुचि और प्रतिभा को निखारा। छोटी उम्र से ही शतरंज के प्रति उनकी लगन और नियमित अभ्यास ने उन्हें आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद स्वर्णा अब मध्यप्रदेश के सीहोर में आयोजित अंडर-14 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्वर्णा का कहना है कि शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि सोचने, धैर्य रखने और सही रणनीति सीखने की एक कला है। उनका सपना है कि आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए खेलकर सफलता हासिल करें। स्वर्णा वर्मा की इस सफलता पर राजनांदगांव जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी तथा स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं उनके विद्यालय प्राचार्य, खेल प्रशिक्षक एवं परिवार ने उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी है।

## शाइन मोंटेसरी स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस:नन्हे बच्चों ने किया शिक्षकों का सम्मान

**प्रधानाचार्य समीर खान ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन व शिक्षा के महत्व पर डाला प्रकाश**

**विद्यार्थियों ने गुरुजनों के प्रति व्यक्त किया आदर व कृतज्ञता**



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शंकरपुर स्थित शाइन मोंटेसरी स्कूल में शिक्षक दिवस का पर्व हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं का आत्मीय सम्मान कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व कृतज्ञता प्रकट की। समारोह के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य समीर खान ने अपने सहकर्मियों और उपस्थित सभी प्यारे विद्यार्थियों का अभिवादन किया। उन्होंने भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद एवं दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए उनके प्रेरक जीवन और शिक्षा के महत्व को सभी के साथ साझा किया। प्रधानाचार्य श्री खान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक न केवल ज्ञान का संचार करता है, बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखता है। डॉ. राधाकृष्णन के आदर्शों पर चलकर ही विद्यार्थी जीवन में सफलता और अनुशासन के उच्च आयाम छू सकते हैं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने गुरुजनों के सम्मान में विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान विद्यालय का समस्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रंगदारी न देने पर युवक से मारपीट करने वाले 2 आदतन बदमाश गिरफ्तार, जेल दाखिल



राजनांदगांव (दावा)। म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में एक युवक से अड़ीबाजी कर मारपीट करने और चाकू टिकाकर रंगदारी मांगने वाले दो आदतन बदमाशों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त किया कार, एल्युमिनियम का बेसबॉल बैट और एक धारदार स्टील का चाकू भी बरामद किया है। मामले का तीसरा आरोपी फरार है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे वह अपने दोस्त के साथ म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड स्थित गांधी सभागृह के पास बैठा बातचीत कर रहा था। उसी दौरान किया कार (क्रमांक सीजी 08 बीजे 8055) में सवार होकर आशीष पांड्या और उसके दो भाई सागर पांड्या व यश पांड्या (निवासी प्रभात नगर, लालबाग) पहुंचे। आरोपियों ने प्रार्थी को धमकाते हुए कहा कि तू बहुत पैसा कमाता है, हमें अभी 5 हजार रुपये निकाल कर दे और हर महीने 5 हजार रुपये देने होंगे। प्रार्थी द्वारा रकम देने से इनकार करने पर तीनों ने मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद हाथ-मुक्कों व बेसबॉल बैट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया तथा कंधे पर चाकू टिकाकर दहशत फैलाई।

**कार्रवाई कर भेजा जेल, एक फरार**

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 518/2026, धारा 296, 115(2), 351(3), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर आरोपी सागर पांड्या और आशीष पांड्या को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त किया कार, बेसबॉल बैट एवं स्टील का चाकू जब्त कर दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। फरार तीसरे आरोपी यश पांड्या की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी शाह ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी आदतन बदमाश हैं। उनके खिलाफ कोतवाली, बसंतपुर और लालबाग थाने में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और चालान पेश किए जा चुके हैं।

## अंडर-14 चयन प्रक्रिया में 125 और अंडर-19 में 75 खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**बसंतपुर स्थित इंडोर एकेडमी में संपन्न हुआ ट्रायल, सिलेक्शन मैचों के आधार पर बनेगी जिले की अंतिम टीम, अंडर-14 (ग्रुप-बी) का चयन ट्रायल 13 सितंबर को स्टेडियम में, 15 अक्टूबर से शुरू होगी अंडर-19 प्रतियोगिता**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित होने वाली आगामी अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा बालक वर्ग (अंडर-19 एवं अंडर-14 ए) की टीम गठन के लिए चयन प्रक्रिया विगत दिनों बसंतपुर स्थित इंडोर एकेडमी में संपन्न हुई। ट्रायल के दौरान युवा क्रिकेटरों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। चयन प्रक्रिया में अंडर-14 वर्ग में 125 खिलाड़ियों तथा अंडर-19 वर्ग में 75 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि इस प्राथमिक चयन प्रक्रिया में चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच आगामी दिनों में सिलेक्शन मैच आयोजित किए जाएंगे। जिसके आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शामिल कर राजनांदगांव जिले की अंतिम टीम का गठन होगा। प्रवक्ता श्री लोहिया ने जानकारी दी कि अंडर-14 बी ग्रुप की चयन प्रक्रिया आगामी रविवार, 13 सितंबर को स्थानीय स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित अंडर-19 एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आगामी 15 अक्टूबर से होने जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर एसोसिएशन द्वारा आवश्यक रूपरेखा तैयार की जा रही है।

## गुजराती स्कूल में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। गुजराती राष्ट्रीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह, श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में गुरु-शिष्य परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के मनमोहक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय की प्राचार्या महोदया श्रीमती सुषमा शुक्ला जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को अनुशासित रहकर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उपप्राचार्या महोदया श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव जी के कुशल मार्गदर्शन और सहयोग से संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन संपन्न हुआ।

संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सी ए रूपम सोनछात्र, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, पियूष पटेल एवं अन्य सभी सदस्यगण एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी और सभी को गुरु शिष्य परम्परा से अवगत कराया। साथ ही उपाध्यक्ष महोदय श्री पवन पटेल द्वारा गुरु के महत्व पर कहा कि शिक्षक सिर्फ किताब नहीं पढ़ाता, वह जीवन पढ़ाता है। माता-पिता हमें जन्म देते हैं, लेकिन शिक्षक हमें इस दुनिया में कैसे जीना है, यह सिखाता है। एवं श्रीमती तृप्ति जैन मैडम द्वारा विद्यार्थियों को संदेश मोबाइल और इंटरनेट से ज्ञान तो मिल सकता है, पर संस्कार, अनुशासन और चरित्र केवल एक शिक्षक ही दे सकता है। इसलिए कभी भी अपने गुरु का अपमान मत करो। गुरु का सम्मान करोगे तो जीवन में हमेशा सफल रहोगे।' ऐसी आशीष वचन दिए। साथ ही श्रीमती धरा राइचा मैम द्वारा कहा गया कि शिक्षक होना केवल एक नौकरी नहीं, यह देश की सेवा है। शिक्षकों को कहा कि आप अपनी कड़ी मेहनत से इन सभी बच्चो को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिय हमेशा प्रेरित करते रहे,ऐसी आशीष वचन देकर शिक्षक दिवस पर विद्यार्थी और सभी शिक्षकों की सराहना की।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुस्कान हुसैन (MUSKAN HUSSAION) d/o सलीम हुसैन (SALIM HUSSAION) निवास स्थान - हाऊस नं. 25, वार्ड नं. 45 साई सदन, ठक्कर्स, मुक्तागिरी कॉलोनी राजनांदगांव छत्तीसगढ़ - 491441

यह शपथ करती हूँ कि, मैंने अपने पुराने नाम को त्याग कर नया नाम - मुस्कान ठक्कर (MUSKAN THAKKAR d/o सलीम हुसैन (SALIM HUSSAION) रख लिया है। अतः मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम मुस्कान ठक्कर (MUSKAN THAKKAR) d/o सलीम हुसैन (SALIM HUSSAION) के नाम से ही पहचाना जावें ।

MUSKAN THAKKAR
HOUSE NO.
A-25,W.N.45 SAI
SADAN, THAKKARS,
MUKTAGIRI, COLONY
RAJNANDGAON
(C.G.) 491441

## त्रिएक विश्वास फाउंडेशन के तत्वावधान में नवागांव गार्डन में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रिएक विश्वास फाउंडेशन के तत्वावधान में नवागांव गार्डन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि आज के समय में बढ़ता प्रदूषण, घटते वन क्षेत्र और जलवायु परिवर्तन गंभीर चिंता का विषय हैं। ऐसे में अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करना भी आवश्यक है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के लिए समाज के अन्य लोगों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। त्रिएक विश्वास फाउंडेशन द्वारा भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता एवं जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की बात कही गई।

## महापौर मधुसूदन बोले: शुभ दिन पर प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होना मेरा सौभाग्य



**कलश यात्रा के साथ राधाकृष्ण की प्रतिमा स्थापित**

राजनांदगांव (दावा)। सस्थानीय वार्ड नंबर 1 बजरंगपुर नवागांव में सर्व यादव समाज वार्ड क्रमांक 1,2 के द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्स्व जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर कलश यात्रा के साथ पूरे विधि विधान से कृष्णा मंदिर में राधाकृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा किया गया द्य इसके पहले सुबह 11बजे शीतला मंदिर से समाज एवं वार्डवासियों द्वारा कलश यात्रा अखाडा, डीजे एवं बाजे गाजे के साथ निकाली गई जो वार्ड के प्रमुख गलियों से होते हुए शाम 5 बजे कृष्णा मंदिर पंहुची तत्पश्चात पूरे विधि विधान से राधाकृष्ण की प्रतिमा स्थापित की गई द्य कार्यक्रम में महापौर एवं पुर्व सांसद मधुसूदन यादव शामिल हुए उन्होने समाजिक जनो एवं वार्डवासियों कों जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा की शुभ दिन पर प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। नवागाँव पहुँचने पर महापौर का समाज के अध्यक्ष दुलार यादव, देवकुमार यादव, राधेश्याम यादव, सौरभ यादव, धनेश्वर यादव, संभु यादव हार पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सावन वर्मा पार्षद एवं चेयरमैन, पार्षद मनोहर यादव, समाजसेवी राहुल चौबे, शेडो पार्षद खेमलाल साहू, योगेश साहू, लेखचंद साहू, नोहर साहू, लीला राम, मंगल यादव, साहू, भावेश यादव, चंदू वर्मा, संतोष यादव, झगरू यादव, घनश्याम यादव, शोभा यादव, दीनू यादव, मीना यादव, यशोदा यादव, पुष्पा यादव, आनंदी यादव समाज के महिला पुरुष वार्डवासि शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा की नई कार्यकारिणी गठित: विष्णु बहादुर सिंह बने अध्यक्ष, विशाल सिंह परिहार को युवा संगठन की कमान



**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा (पंजीयन क्रमांक 49/2001) की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय स्व. ठाकुर लोटन सिंह स्मृति महाराणा प्रताप भवन में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से समाज की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण करते हुए समाज के उत्थान, कल्याण और मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान समाज को और अधिक सक्रिय व ऊर्जावान बनाने के उद्देश्य से युवा संगठन का भी गठन किया गया। इसमें युवाओं का नेतृत्व सौंपते हुए विशाल सिंह परिहार को सर्वसम्मति से युवा संगठन का अध्यक्ष चुना गया।

0 इन्हें मिली कार्यकारिणी में जिम्मेदारी

घोषित कार्यकारिणी के अनुसार- संरक्षकः शांति देवी परिहार, डॉ. आर.पी.एस. भदौरिया, डॉ. आर.एन. सिंह, अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष के.पी. सिंह, ओ.पी. सिंह, शिवकुमार ठाकुर सिंह, शीला सिंह गहरवार, महासचिव जय नारायण सिंह, सचिवः दीपेश सिंह, रणविजय सिंह, संगठन सचिव वीर सिंह पायक, विशाल सिंह परिहार, कोषाध्यक्ष आर.एन. सिंह, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रिंस सिंह, प्रशासनिक प्रमुख लाल मुनई सिंह, डॉ. नरेन्द्र बहादुर सिंह, मनीष कुमार ठाकुर, कार्यालय प्रभारी संतोष कुमार सिंह, मिथुन सिंह, कानूनी सलाहकार राकेश सिंह ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य आनंद बहादुर सिंह, दशरथ ठाकुर, नागेंद्र परिहार, नागेश भदौरिया, संजय महेंद्र बहादुर सिंह, अमर सिंह राजपूत, महेंद्र सिंह परिहार, आलोक सिंह, उपेंद्र भदौरिया, नितिन सिंह भाटी, नीलम सिंह, सुनीता सिंह, अनीता भदौरिया, अंचला ठाकुर एवं विभा ठाकुर को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

दशहरा मिलन समारोह की तैयारियां, युवाओं की भागीदारी पर जोर-बैठक में आगामी दशहरा मिलन समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने पर विचार-विमर्श किया गया। समारोह के दौरान पारंपरिक शस्त्र पूजन, सामाजिक पुस्तिका (स्मारिका) का विमोचन, स्वर्गीय ठाकुर लोटन सिंह की स्मृति प्रतिमा का अनावरण तथा समाज के प्रतिभावान बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। बैठक के अंत में संगठन के विस्तार, सामाजिक एकजुटता और आगामी गतिविधियों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

# किसी के गिरने पर उसे प्रताड़ित नहीं प्रोत्साहित करें - श्रेयांशप्रभ जी

## किसी की सफलता के पीछे उसके अतीत की मेहनत पर भी नजर डालें



**राजनांदगांव (दावा)।** किसी को आगे बढ़ने के लिए जोश एवं इच्छा की जरूरत होती है। इसी तरह किसी को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहन की जरूरत होती है। हम लोगों की गलतियों को देखकर हंसते हैं। यही नहीं उसे प्रताड़ित भी करते हैं। हमें अपने व्यवहार में बदलाव लाना चाहिए। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आज जैन बगीचा स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में व्यक्त किए। मुनि श्रेयांशप्रभ जी ने कहा कि हम उन लोगों में से है जो किसी को गिरते देख उसकी कमियों की हंसी उड़ाते हैं। उनकी गलतियों को सुधारना छोड़ हम उन पर हंसते हैं। उन्हें प्रोत्साहित करना छोड़ प्रताड़ति करते हैं। हमें व्यक्ति की जीत तो दिखती लेकिन उसके पीछे के संघर्ष को हम नहीं देखते। अतीत में उसने कितना मेहनत किया होगा, किसने उसका उत्साह बढ़ाया होगा जो आज वह इस मुकाम तक पहुंचा।

किसी की जीत के पीछे उसका सपोर्टिंग सिस्टम होता है जो उसे गिरने नहीं देता। लोग होते हैं-पहले वह जो किसी को कुछ प्रयास करने नहीं देना चाहते, दूसरा वह जो सामने वाले को एक दो बार प्रयास करने देते हैं, तीसरा वह जो थोड़ा और ज्यादा प्रयास करने देना चाहते हैं और चौथा वह जो अंतिम चरण तक प्रयास करने देना चाहते है। अब आप तय कर लीजिए कि आप इनमें से कौन हैं। उन्होंने कहा कि सभी चाहते हैं कि हम आगे आगे भागें किंतु हमारे अंदर वह जोश होना चाहिए कि हम बात सकें। उन्होंने कहा कि हम सपोर्टिंग सिस्टम बने केकड़े की तरह एक दूसरे की टांग खींचने वाला न बने। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# गर्व का क्षण : शिक्षिका रंजना मंडावी शिक्षादूत सम्मान से हुई अलंकृत



**राजनांदगांव (दावा)।** मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह के अंतर्गत शिक्षिका रंजना मंडावी को प्रतिष्ठित शिक्षादूत सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान उनके शिक्षा के प्रति समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों का प्रतिफल है। इस उपलब्धि से पूरे शिक्षा जगत और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। समारोह में राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, पूर्व महापौर मधुसूदन यादव, कलेक्टर जितेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने मंच से रंजना मंडावी को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद रंजना मंडावी ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को स्व. परस राम मंडावी को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान देने का जरिया नहीं, बल्कि समाज व राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का माध्यम है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार, सहकर्मियों और विद्यार्थियों के निरंतर सहयोग को दिया। उन्होंने अपने कुटुंबतुल्य संकुल धनगांव के शिक्षकों के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया। विशेष रूप से प्रधान पाठक हंस कुमार मेश्राम, प्रधान पाठक संध्या मिश्रा, संकुल समन्वयक हुमन लाल साहू, हेमन कुमार जांगड़े, ताम्रध्वज वर्मा, अजय कड़व, शशिकांत पंचभावे एवं दीपक तिवारी के निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। रंजना मंडावी के कार्यक्षेत्र ग्राम पंचायत लिटिया के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया। सरपंच लीला गायकवाड़, पूर्व जनपद सदस्य गोपीचंद गायकवाड़ एवं पंचगणों ने उनका उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा, राष्ट्रीय महिला प्रभाग की अध्यक्ष डॉ. सुशीला संतोष नेताम, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शंकर लाल छैदया, अध्यक्ष अनिता नेताम, सचिव सिम्मी विक्की नेताम सहित सामाजिक जनों ने भी उन्हें बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में हर्षोल्लास से मना शिक्षक दिवस, गुरु-शिष्य परंपरा को किया नमन



**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के प्रतिष्ठित एवं उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट में शिक्षक दिवस का पर्व बड़े ही श्रद्धा, सम्मान और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार भेंट कर और सम्मान के साथ गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय प्रबंधन की ओर से भी समस्त शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जेबी सिंह एवं प्रशासक संजय बहादुर सिंह ने सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अपना आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। इसी दौरान विद्यालय के उपाध्यक्ष अशोक चौधरी सर ने बच्चों को शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह दिवस महान शिक्षाविद्, दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, और उनके जीवन से हमें शिक्षा के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। वहीं विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य खंडेलवाल सर ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए प्रसिद्ध श्लोक 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु...' का अर्थ समझाया। उन्होंने ''सब धरती कागज करूँ...' और 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े...' जैसे दोहों के माध्यम से जीवन में गुरु के सर्वोपरि महत्व पर प्रकाश डाला।

सम्पूर्ण कार्यक्रम गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा और सम्मान को समर्पित रहा। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा डॉ. श्रीमती सविता जेबी सिंह उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर टी एस बग्गा, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, राहुल देव चौधरी, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती पूजा सिंह, श्रीमती जानवी सिंह, श्रीमती इला सिंह, बरसर आई.के.वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, उप्राचार्य श्रीमती ममता मिश्रा, एच.एमस सुश्री सरिता सिंह एक्टिविटी कल्चरल इंचार्ज श्रीमती अपर्णा वर्मा ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## यामिनी कला केन्द्र का पुरस्कार वितरण समारोह आज

**राजनांदगांव (दावा)।** नगर की बहुआयामी संस्था यामिनी क्रीडा एवं कला केन्द्र द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम रविवार को सुबह 10.30 बजे से ठा. प्यारेलाल उ.मा.शाला राजनांदगांव में होगा जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों, चित्रकला प्रशिक्षकों, खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ संस्था द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सेवानिवृत प्राचार्य बी.के. देवांगन, एन.पी एस प्राचार्य सुश्री भारती गौते, युगान्तर स्कूल प्राचार्य मधुसूदन नायर, प्यारेलाल स्कूल प्राचार्य संजीव मिश्रा, स्टेट स्कूल प्राचार्य माधो सिंह, सेवानिवृत प्राचार्य राजेंद्र बघेल, जंगलपुर स्कूल प्राचार्य सी.के. वर्मा, व्याख्याता मनोज चौहान, सेवानिवृत शिक्षक जी.डी. वैष्णव उपस्थित रहेंगे। संस्था के अध्यक्ष रीतेश देवांगन और सचिव पूनाराम यादव ने सभी विजेता प्रतिभागियों तथा उनके पालको से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# पहला कॉलम...

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पार्रीकला में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



**पार्रीकला (दावा)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पार्रिकला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता कर पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से मटकी फोड़ (दही लूट) प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं की टोलियों ने क्रमबद्ध तरीके से पूरे जोश और उमंग के साथ दही लूट की रस्म निभाई। जैसे ही बच्चों की टोली ने मटकी फोड़ी, समूचा शाला परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों और दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जन्माष्टमी पर्व के आध्यात्मिक व सामाजिक महत्व की जानकारी दी तथा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, कर्म और आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शाला के शिक्षक विष्णु शर्मा, सविता गनवीर, चाँदनी कंवर, दीना दास साहू, सुशीला हेड़ाऊ, विनीता जेम्स, स्वाति जैन, शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष योगेश मानिकपुरी और डी.के. साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित रहे। अतिथियों एवं ग्रामीणों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी को विधिवत प्रसाद का वितरण किया गया।

# बिलासपुर-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस का राजनांदगांव में ठहराव की मांग

## महाकाल सेना एवं मंदिर समिति ने उठाई आवाज, महाकाल भक्तों की सुविधा के लिए राजनांदगांव में ठहराव आवश्यक




**राजनांदगांव (दावा)।** महाकाल सेना एवं महाकाल मंदिर समिति, सिंघोला, राजनांदगांव ने बिलासपुर-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस का राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में ठहराव किए जाने की मांग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव एवं राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे से पत्र लिखकर की है। समिति ने कहा कि राजनांदगांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन जाते हैं। ऐसे में इस ट्रेन का ठहराव होने से श्रद्धालुओं एवं आम यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। समिति ने कहा कि उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। राजनांदगांव में वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव होने से यात्रियों को तेज, सुविधाजनक एवं सीधी रेल सेवा का लाभ मिल सकेगा। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही क्षेत्र के व्यापार, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक कार्यों से जुड़े यात्रियों को भी सुविधा होगी। महाकाल सेना एवं मंदिर समिति ने कहा कि इंदौरङ्कनागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को बिलासपुर तक विस्तार देने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। यदि इस प्रस्तावित सेवा का संचालन बिलासपुर तक किया जाता है, तो राजनांदगांव में ठहराव मिलने से क्षेत्रवासियों को उज्जैन एवं इंदौर की ओर यात्रा करने में विशेष सुविधा प्राप्त होगी।

समिति ने रेलवे विभाग तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि ट्रेन नंबर 20911/20912 के प्रस्तावित बिलासपुर-इंदौर विस्तार में राजनांदगांव स्टेशन को शामिल करते हुए ठहराव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक पहल की जाए। समिति का कहना है कि यह मांग केवल महाकाल भक्तों की सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनांदगांव एवं आसपास के नागरिकों के लिए बेहतर रेल कनेक्टिविटी से भी जुड़ी हुई है। समिति ने कहा कि भगवान महाकाल के भक्तों की आस्था एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लिया जाना चाहिए। राजनांदगांव में ठहराव मिलने से श्रद्धालुओं को उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए आने-जाने में विशेष लाभ होगा। महाकाल सेना एवं महाकाल मंदिर समिति, सिंघोला, राजनांदगांव ने सभी संबंधित पक्षों से इस मांग को आगे बढ़ाने में सहयोग की अपील की है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का किया गया सम्मान




**राजनांदगांव (दावा)।** देश के द्वितीय राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में शिक्षक सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। इस अवसर पर शिक्षकों की महत्ता, उनके आशीर्वाद, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा पर आभार और कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में जिले के 24 शिक्षकों को विकासखंड स्तरीय शिक्षा दूत सम्मान, 6 शिक्षकों को जिला स्तरीय ज्ञानदीप पुरस्कार एवं 30 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान प्रदान किया गया। शिक्षा दूत सम्मान अंतर्गत प्रत्येक शिक्षकों को 5 हजार रूपए की राशि, प्रशस्ति पत्र, शाल, श्रीफल से प्रदान किया गया। ज्ञानदीप पुरस्कार अंतर्गत प्रत्येक शिक्षकों को 7 हजार रूपए, प्रशस्ति पत्र, शाल, श्रीफल प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में जिले में ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन करने वाले 65 शिक्षकों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले 25 शिक्षकों तथा खेल प्रशिक्षक के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने वाले 45 हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल सहित जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, पार्षद, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, पीटीआई, नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एपीसी मनोज मरकाम द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन सहायक संचालक शिक्षा श्रीमती रश्मि सिंह द्वारा किया गया।

# शिक्षक दिवस पर दिखा राजसी अंदाज़, राजा-रानी के रूप में सजे शिक्षक



## दिल्ली पब्लिक स्कूल में भव्य समारोह, उत्कृष्ट कार्य के लिए दो शिक्षिकाओं को 50-50 हजार रुपये की सम्मान राशि

**राजनांदगांव(दावा)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने शिक्षकों एवं निदेशक मंडल के सम्मान में आकर्षक एवं यादगार कार्यक्रम का आयोजन किया। समारोह की विषय-वस्तु 'राजा और रानी' रखी गई थी। इसी के अनुरूप विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं आकर्षक राजसी वेशभूषा में नजर आए। समारोह के दौरान विद्यालय में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्रीमती अर्चना शर्मा को 'शिक्षक उत्कृष्टता सम्मान' तथा श्रीमती रोहिणी मुदलियार को 'समर्पण उत्कृष्टता सम्मान' से सम्मानित किया गया। दोनों शिक्षिकाओं को सम्मान स्वरूप 50-50 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण, निष्ठा एवं विद्यालय के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए शानदार आयोजन की भी प्रशंसा की।

राजसी वेशभूषा में सजे शिक्षक-शिक्षिकाएं समारोह का विशेष आकर्षण रहे। विद्यार्थियों का उत्साह, शिक्षकों के प्रति सम्मान और पूरे आयोजन की भव्यता ने कार्यक्रम को खास बना दिया। राजसी अंदाज में मनाया गया यह शिक्षक दिवस विद्यालय परिवार के लिए एक यादगार अवसर बन गया।

# लाटमेटा में बनेगा वृहद खेल भवन हुआ भूमिपूजन

## सांसद सन्तोष पाण्डेय के द्वारा घोषित खेल मैदान में लाईट व्यवस्था 07 लाख रुपये का भूमि पूजन



**डोंगरगांव (दावा)।** समीपवर्ती ग्राम लाटमेटा नवाटोला ग्राम पंचायत घुपसाल में खेल भवन का भूमि पूजन सांसद संतोष पाण्डेय के मुख्य अतिथ्य में किया गया. बता दें कि उपमुख्यमंत्री एवं खेल मन्त्री अरुण साव के द्वारा लाटमेटा में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय बालक बालिका खो-खो प्रतियोगिता में 30 लाख रुपये का खेल भवन की घोषणा की गई थी जिसे अब मूर्त रूप देने के लिए भूमि पूजन किया गया है. इस अवसर पर संतोष पांडेय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम लाटमेटा में इस बारिश के बीच में भी आप ग्रामीणों की माताओं बहनों की बड़े बुजुर्गों नवजवानों की उपस्थिति दर्ज करना आपके गाँव की एकता को प्रदर्शित करता है. इस गांव में राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन होता है, तो ग्रामीण अपने अपने घरों में खिलाड़ियों को आवास देते हैं. पूरी प्रतियोगिता के दौरान भोजन, आवास, मैदान पुरुस्कार की व्यवस्था करके खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते है. यह इस छोटे ग्राम के बहुत बड़ी उपलब्धि है।

इस गरिमामय कार्यक्रम की अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने की और अतिविशिष्ट अतिथि के रूप एम.डी.ठाकुर राज्य मन्त्री दर्जा प्राप्त, साथ में हिरेन्द्र साहू, कैलाश शर्मा, गुलाब गोस्वामी, अनिरुद्ध चन्द्राकर, हिरदेराम देवांगन, रविन्द्र वैष्णव सहित अनेकों भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही. इस दौरान सांसद सन्तोष पाण्डेय के द्वारा घोषित खेल मैदान में लाईट व्यवस्था 07 लाख रुपये का भूमि पूजन किया गया. इसके साथ ही जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव द्वारा घोषित 5 लाख रुपये का शासकीय प्राथमिक विद्यालय आहता निर्माण एवं जपं अध्यक्ष संजय सिन्हा के द्वारा घोषित 3 लाख रुपये का स्कूल मंच निर्माण जैसे विकास कार्यो का भी भूमिपूजन उपस्थित आतिथियों के कर कमलों से सपन्न हुआ. साथ ही जि.पं अध्यक्ष द्वारा स्वीकृत राशी से नवनिर्मित किचन शेड, शास.पूर्व माध्यमिक विद्यालय घुपसाल का लोकार्पण किया गया।

## अनमोल 'दावा'

**मौन (चुप्पी) कई बार वह सही उत्तर दे देता है, जिसे शब्दों से समझाना संभव नहीं होता...**

### सम्पादकीय

# किसानों और कृषि का हो रहा अवमूल्यन, ये कैसा विकास हो रहा है?

देश के किन्ही-किन्ही राज्यों में वर्षा नहीं है, कहीं अल्प वर्षा है तो कहीं अति वर्षा है। फलस्वरूप, इस आधार पर फसलें ठीक है तो कहीं फसलें खराब हैं। किन्ही राज्य में माह अगस्त कोरा ही रहा है। वहां बीज सुखने को है। महाराष्ट्र और गुजरात और उसके आसपास के राज्यों में बारिश ही नहीं हुई है। वहां के किसानों की हालात दयनीय है। सरकार उनकी मदद करने के बदले आश्वासन-वचनों को पेश कर रही है। इससे रोष में आए किसानों का आन्दोलित होना स्वाभाविक है। दिल्ली में बारम्बार प्रदर्शन हो रहे हैं। किन्तु, सरकार गंभीर नहीं है। विकास के अनावश्यक खोखले दावे व बातें हो रही हैं। लोगों को निन्द्रालीन रखने के सिवाय कोई काम हो रहा हो, ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है।

उल्लेखनीय कि, सरकारें जब कथित विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करती है, तब उसके पीछे देश को सफलता के शिखर पर ले जाने की तत्परता रहती है। विकास यात्रा शुरू होती है, तब उसके पीछे सतत् अंधकार भी चलता है। जो किसी को नजर नहीं आता। सरकार सड़कें बनाएं, डैम-बांध बनाए या फिर आलिशान अस्पतालें और इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करे, ये तमाम ढांचे आखिर में जमीन पर ही खड़े होते हैं।

कृषि प्रधान देश भारत में किसानों के लिए उनके खेत, उनकी जमीन महत्वपूर्ण है। यह बात सर्वमान्य है। किसी भी किसान या आदिवासी के लिए जमीन यह केवल मिट्टी का सर्वे नम्बर नहीं है। परन्तु, उनका अस्तित्व पूर्वजों की विरासत और पीढ़ी द पीढ़ी की अजीविका का अटूट आधार है। रोजीराटी हो या परम्परा हो, किसानों के लिए उनकी जमीन प्राण से ज्यादा कीमती होती है।

ऐसे हालातों में लोकतंत्र के सामने यक्ष प्रश्न उपस्थित होता है। विकास की गति और विस्थापन की पीड़ा के बीच मानवीय संतुलन किस प्रकार बनाए रखना? केवल कमजोर वर्ग को ही राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना होगा? या फिर, ऐसा कोई हमें सर्व समावेशी मार्ग ढूंढ कर बढ़ना होगा, जहां एक समय उसकी कीमत मायने नहीं रखेगी।

विचारणीय तो यह कि किसान और कृषि का क्रमशः विकास होगा तो यह लम्बे काल तक फायदेमंद होगा। अगर इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़े होनें की दौड़ चलती रही तो खेती की जमीनें ही नहीं रहेगी। किसान के पास तब क्या खेती करने जमीन होगी? फिर दूसरी बात देश में निरन्तर बढ़ रही जनसंख्या के लिए भोजन कहां से मिलेगा? क्या विदेशों से फिर अनाज आयात करेंगे?

उल्लेखनीय कि, 1984 के संस्थानवादी कानून से मुक्ति दिलाने के लिए 2013 में ''जमीन सम्पादन अधिनियम'' लाया गया था। जो एक जनवरी 2014 से लागु हुआ। इस कानून ने ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार भाव के आधार पर अधिक मुआवजा, ''सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन'' (एस.आई.ए.) और पुनर्वसन के साथ निजी प्रोजेक्ट्स में 80 प्रतिशत तथा पी.पी.पी. प्रोजेक्ट में 70 प्रतिशत प्रभावित परिवारों की सहमति को अनिवार्य बनाया था। उन्होने संविधान के अनुच्छेद 300-A अधिन सम्पत्ति के अधिकार भी सुरक्षा में महत्वपूर्ण रहे। परन्तु, जमीनी वास्तविकता अनेक किस्सो में विपरीत दिखाई दी है। जानकारों के अनुसार, कई प्रावधानों अधीन सम्पादन की प्रक्रिया अलग हो सकती है। संरक्षण और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसी खास परिस्थितियों तथा कानून में निर्धारित अपवादों के कारण सहमति और सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की सामान्य प्रावधानों के प्रत्येक किस्सों में समानता लागु नहीं पड़ती। जमीन समवर्ती सूची में होनें के कारण केन्द्र और राज्यों में, दोनों स्तर पर कानून और नियमों की भूमिका महत्वपूर्ण बन जाती है। विकास की इस तेज गति में 2013 के कानून की मानवीय भावना का प्रभावकारी अमलीकरण आज भी एक बड़ी चुनौती है। इसके कारण, किसानों के साथ सतत् अन्याय होते रहता है।

उल्लेख यह कि, उत्तर भारत के मैदानो और बिहार जैसे प्रदेशों में लहराती हुई कृषि जमीन एक्सप्रेस वे और अन्य अधोसंरचनाएं परियोजनाओं के लिए ली जा रही हैं। जिससे सीमांत-छोटे किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हुआ है। तभी, राष्ट्र की बढ़ती हुई ऊर्जा की जरूरतों की पूर्ति के लिए मध्य एवं पूर्व भारत में कोयला तथा खनिजों का व्यापक उत्खनन हुआ है। जिसके कारण और स्थानीय समुदायों पर गहरा असर पड़ता है। इसके अलावा, फोसिल फ्युएल अटकाने के नाम पर मक्का और गन्ने की फसल भरपूर होती है। किन्तु, भोजन के बदले क्रूड में उसका उपयोग बढ़ा है। जिसके कारण, किसानों को यूं तो पैसे अधिक मिलते हैं। किन्तु, सतत् एक ही फसल लेने से जमीन की अपनी उर्वरक शक्ति कम हो रही है। खाद्यान्न का संकट उत्पन्न होने से महंगाई बढ़ रही है। जिसका असर रसोईघर में पड़ रहा है।

चिन्ताजनक बाबत यह कि, सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में देश के 45.8प्रतिशत श्रमिक कृषि और उसके साथ जुड़े क्षेत्रों में कार्यरत थे। दूसरी ओर, कृषि गणना 2015-16 अनुसार, देश में कृषि योग्य जमीन धारकों में लगभग 86 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसान थे। इन किसानों की फलद्रुप जमीन का सम्पादन केवल सौदा नहीं है। परन्तु, पीढ़ियों की आजीविका पर असर करता निर्णय है। आर्थिक-वित्तीय साक्षरता के अभाव में नगदी मुआवजा मुट्ठी में रखी रेत के समान फिसल रही है।

# "छुट्टी" : वाह! कल छुट्टी है।

'गजेंद्र बख्शी'



यह विचार मन में आते ही जैसे सारी थकान कहीं गायब हो गई। कल तो अपनी मर्जी का मालिक रहूँगा। न काम की चिंता, न समय पर कहीं पहुँचने की जल्दी और न किसी के आदेश का अंकुश। मन में स्वच्छंद होने की सुंदर-सुंदर कलियाँ खिलने लगी थीं। ऐसा लग रहा था मानो वर्षों बाद जीवन ने अपनी इच्छा से जीने का एक छोटा-सा अवसर प्रदान किया हो।

लेकिन मन की इन कलियों को सुबह खिलने का अवसर मिलेगा भी या नहीं, यही सबसे बड़ा प्रश्न था। आखिर घर में छुट्टी का अर्थ केवल कार्यालय या काम से छुट्टी होना नहीं होता। घर के अपने नियम हैं, अपनी व्यवस्थाएँ हैं और सबसे महत्वपूर्ण, अपनी सरकार भी है।

मैंने मन ही मन तय कर लिया था कि कल सुबह देर तक सोऊँगा। अलार्म की आवाज़ नहीं सुननी पड़ेगी। जल्दी-जल्दी उठकर तैयार होने की कोई मजबूरी नहीं होगी। बिस्तर पर करवट बदलते हुए कुछ अतिरिक्त समय बिताऊँगा।

बिस्तर भी कल मेरा साथ देगा।

जो रोज़ सुबह कभी-कभी मुझे काटने दौड़ता है, देर तक पड़े रहने पर बेचैनी पैदा करता है, वही बिस्तर कल मेरा सबसे अच्छा मित्र होगा। मैं भी उसे छोड़ने की जल्दी में नहीं रहूँगा और वह भी मुझे उठने के लिए मजबूर नहीं करेगा।

घर के सभी सदस्यों तक यह संदेश पहुँच चुका था कि कल इनकी छुट्टी है, इसलिए इन्हें तनिक भी न छेड़ा जाए। कोई काम न बताया जाए, कोई जिम्मेदारी न सौंपी जाए और जहाँ तक संभव हो, इन्हें अपनी मर्जी से रहने दिया जाए।

यह सब सोचकर मन बड़ा प्रसन्न था।

लेकिन...

घर में एक ऐसा सदस्य भी है, जिसके सामने किसी की नहीं चलती।

उसकी इच्छा के सामने बच्चों की नहीं चलती, घर के दूसरे सदस्यों की नहीं चलती और कई बार तो छुट्टी की घोषणा भी अपना प्रभाव खो देती है।

अब उसे कैसे समझाया जाए कि कल वास्तव में छुट्टी है!

कैसे बताया जाए कि छुट्टी का मतलब केवल इतना नहीं कि कार्यालय बंद है, बल्कि इसका अर्थ यह भी है कि शरीर और मन दोनों को कुछ समय आराम चाहिए?

लेकिन अनुभव कहता है कि इन तर्कों का घर की व्यवस्था पर बहुत अधिक प्रभाव नहीं पड़ता।

क्योंकि जैसे ही छुट्टी की सुबह होती है, घर के अधूरे काम अचानक दिखाई देने लगते हैं।

कभी बाजार जाना जरूरी हो जाता है।

कभी किसी रिश्तेदार से मिलने का कार्यक्रम बन जाता है।

कभी घर की कोई वस्तु खराब हो जाती है।

कभी सफाई का अभियान शुरू हो जाता है।

और कभी ऐसा कोई काम सामने आ जाता है, जिसके बारे में पिछले कई दिनों से किसी को याद ही नहीं था।

लेकिन छुट्टी आते ही सबको याद आ जाता है कि, आज तो ये घर पर हैं!

बस, फिर क्या है?

जिस व्यक्ति ने रात में सोते समय यह कल्पना की थी कि सुबह देर तक सोएगा, वह सुबह होते-होते किसी न किसी जिम्मेदारी के साथ खड़ा दिखाई देता है।

मन में फिर भी आशा बनी रहती है कि इस बार छुट्टी वास्तव में छुट्टी साबित हो जाए।

लेकिन न जाने क्यों, हर बार कुछ न कुछ आड़े आ ही जाता है।

मन में स्वच्छंदता की जो कलियाँ रात को खिलती हैं, सुबह होते-होते उन पर जिम्मेदारियों की धूप पड़ने लगती है।

फिर भी आदमी उम्मीद नहीं छोड़ता।

हर सप्ताह, हर छुट्टी के पहले दिन वह यही सोचता है,

वाह! कल छुट्टी है।

कल तो अपनी मर्जी का मालिक रहूँगा!

और हर बार छुट्टी बीत जाने के बाद उसे यह अनुभव होता है कि

छुट्टी कैलेंडर में तो जरूर होती है,

लेकिन घर में उसकी स्वीकृति मिलना अलग बात है।

सच तो यह है कि काम से छुट्टी मिल सकती है, कार्यालय से छुट्टी मिल सकती है, लेकिन घर की जिम्मेदारियों से छुट्टी मिलना शायद सबसे कठिन काम है।

फिर भी अगली छुट्टी आने पर मन फिर वही सपना देखेगा।

मन में फिर स्वच्छंदता की कलियाँ खिलेंगी।

बिस्तर फिर दोस्त बनने का वादा करेगा।

और मैं फिर सोचूँगा,

वाह! कल छुट्टी है...

कल तो अपनी मर्जी का मालिक रहूँगा!

लेकिन भीतर कहीं एक आवाज़ मुस्कुराते हुए कहेगी,

पहले घर की सरकार से अनुमति तो ले लीजिए...!

[अधिवक्ता], राजनांदगांव

# झूठ जरूरी है!

-गिरीश बख्शी



राम रतन को यदि किसी बात से सबसे अधिक चिढ़ भी, तो वह झूठ से थी। उसे खराब लगता कि कई उसके परिचित बैठे ठाले झूठ बोल जाते है और जब उनके झूठ का पता चला है तो वे शर्मिन्दा भी नहीं होते। बड़ी बेफिकरी से कह जाते हैं- वो तो ऐसे ही कह दिया था।

उस दिन रामरतन बड़ा परेशान हुआ जब लखनलाल ने उससे कहा था- ''रामरतन! अभी जल्दी में हूँ। तुम चार बजे जयस्तंभ चौक के खादी भण्डार में मिलना, मैं वहां रोज बैठता हैं। तब तुमसे बात करूंगा। ''रामरतन पौने चार बजे ही खादी मगर पहूँच गया पर चार क्या पांच बज गये लखनलाल नहीं आया। आखिर वह शाम छै बजे निराश होकर घर आ गया। तीसरे दिन लखनलाल उसे गुड़ाखू लाइन में दिख गया। वह जल्दी-जल्दी उसके पास गया। कहा-''मैं तुम्हारे कहने से लखन! दो घन्टे खादी भण्डार में तुम्हारी राह तकते बैठा रहा तुम नहीं आए। मैं खूब परेशान हुआ।'' लखनलाल ने हँस कर कहा-''अरे! तुम उसे सच मान गये, मैने तो तुम्हे टरकाने के लिए झूठ कह दिया था। अब रामरतन उस झूठे को क्या कहे। घूर कर उसे देखा और चुप आगे बढ़ गया। आजाद चौक पर उसे उसके फ्रेण्ड, फिलासफर एण्ड गाइड शंकर शर्माजी मिल गये। लखन लाल के झूठ से बौखलाए रामरतन ने उन्हे पूरा किस्सा सुना गया। शर्माजी दार्शनिक की तरह मंद-मंद मुस्करा उठे। बोले-''वो तुम्हारे लखनलाल की बात चाहे जो हो, उसे छोड़ो पर एक बात मैं तुम्हे कहता हूँ कि झूठ जरूरी है। अरे! अरे!! इस तरह आश्चर्य से मुझे मत देखो। चलो घर मैं तुम्हे किस्सा सुनाता हूँ। वाइफ ने पकौड़े बनाने के लिए बेसन लाने को कहा था, तो वही लेने आया था। घर में आराम से बैठकर जायकेदार पकौड़े खाएंगे और तुम्हे हम मजेदार 'झूठ की कहानी' सुनाएंगे।''

शर्माजी ने वाइफ को बेसन देते हुए कहा- अपने रामरतन भैया साथ आये है तो बढ़िया पकौड़े बनाना जिसे खाकर वे भी मगन हो जाएं। वे बोली-''देखोजी! वो तो मुझसे जैसा बनता है, वैसा बनाती हूँ। हाँ! रामरतन भैया! आपको पकौड़े अच्छा लगे, तो भी आप झूठी तारीफ कर देना, ताकि मुझे अच्छा लगे।'' शर्मा जी के साथ-साथ रामरतन भी हँस पड़ा! शर्माजी ने आंखे नचाकर कर-''देखो रामरतन! तुमने सुनी न झूठ का महल। झूठ से तुम चिढ़ो मत भाई! झूठ बड़े काम की चीज है। कहा न झूठ जरूरी है, तो सुनो! झूठ पर बेस्ट कहानी रामरतन बीच में बोल उठा-''भैया! पकौड़े की अच्छी महक आ रही है।'' शर्माजी को रामरतन का बीच में टोकना अच्छा न लगा। झूँझला उठे-''वो तो आएगी ही जी! खाओगे तो और अच्छा लगेगा। हाँ तो सुनो किस्सा-

कुछ माह पहले मेरे जंघो-पैरों में बड़ा दर्द हुआ करता था। तो पड़ोसी ने सलाह दी मालिश तेल से मालिश कराया करो। मैं बैसाखू से कह दूंगा। वह खूब मन लगाकर मालिश करता है। कहना चाहिए अपने काम के प्रति समर्पित है। तो भैया। बैसाखू रोज शाम को आकर मालिश करने लगा। वह सचमुच में एक ट्रेण्ड ''मालिश मैन'' है। उसकी मालिश से लाभ होने लगा। वह बैसाखूम ठीक छै बजे आ जाता था पर एक शाम देर से आया तो मैंने स्वाभाविक प्रश्न किया ''आज देर कैसे हो गई?'' बैसाखू ने परेशानी से कहा-''क्या बताऊ महराज! मैं यहीं आ रहा था कि रास्ते में बोधन मिल गया। वह मेरे घर आ रहा था। बोला-''अच्छा मिल गये। तुम्हारे प्रिय एक्टर सनी देवल का नया पिक्चर लगा है चलो देखने चलें।'' यह तो सच बात है महराज! मुझे सनी देवल पसन्द है पर आपकी मालिश की भी फिकर भी तो उसे असलियत बताता तो वह न मानता यही कहता-''अरे बँसाखू! एक दिन गैप सही। एक दिन में कुछ नहीं होगा। हाँ! खेल देखना जरूरी है। कल शायद पिक्चर बदल जाय। उसने मेरा हाथ पकड़ लिया-''चल! अच्छा लगेगा। और तब महराज! मुझे झूठ बोलना पड़ा- ''अरे बोधन! अचानक पेट में दर्द होने लगा। अब तो दवा लेकर घर जाना होगा। खेल से ज्यादा महत्व पेट है भैया। मैं पिक्चर नहीं जा सकूंगा। बोधन निराश होकर चला गया और मैं फिर मालिश का तेल दुकान से लेकर यहां आ गया। वो इसलिए महराज! कि कहा गया है मालिश में गैप नहीं होना चाहिए। रोज बराबर मालिश होनी चाहिए! ''हाँ भैया राम रतन! सुना तुमने झूठ का सच्चा किस्सा। तो कहा राम रतन कि------। तभी शर्माइन ने गरम-गरम पकौड़े दो खण्ड वाले प्लेट में करौंदे की चटनी के साथ लाकर बोल उठीं-''झूठ जरूरी है।'' रामरतन अनमना हो गये। उसने कहा-''पर मुझे भाभीजी! मुझे झूठ-ऊठ पसन्द नहीं है। अच्छा नहीं लगता!'' शर्मा जी चुप रहे। भाभीजी ने ही कहा- ''भैया! आपको अच्छा लगे या न लगे पर यह सच है कि झूठ जरूरी हे। यदि आप चाहो तो देखो वो सामने सड़क पर वकील भैया जा रहे है उनसे पूछलो! वे भी यही कहेंगे कि झूठ जरूरी है।''

बालाजी मंदिर के पास, स्टेशन पारा, राजनांदगांव

# कंगना रनौत ने कई सेलेब्स को आड़े हाथों लिया



कंगना रनौत ने अब एक साथ कई सेलेब्स को आड़े हाथों लिया है। एक्ट्रेस ने अपने अंदाज में मशहूर हस्तियों को करारा जवाब दिया। ये वो सितारे हैं जिन्होंने पिछले कुछ सालों में कंगना की आलोचना की है। एक्ट्रेस ने आशुतोष राणा, सोनू सूद, राखी सावंत, तापसी पन्नू और बाबा रामदेव का नाम लिया। भारतीय जनता पार्टी की सांसद ने उनकी उपलब्धियों पर सवाल उठाए और कहा कि वह सलाह सिर्फउन्हीं लोगों से लेंगी जिन्हें वह खुद से ज्यादा सफ्ल मानती हैं।

कंगना ने कहा, मैं रोज ऐसे लोगों को देखती हूं चाहे वो आशुतोष राणा हों जो कहते हैं कि मैं कुत्ते की तरह भौंकती हूं, या सोनू सूद जो कहते हैं कि मुझे तमीज सीखनी चाहिए। राखी सावंत जैसे लोग जो मेरे चरित्र पर तरह-तरह की भद्दी टिप्पणियां करते हैं और तापसी पन्नू जो मेरे माता-पिता, मेरी परवरिश और मेरे बैकग्राउंड का अपमान करती रहती हैं। उन्होंने कहा, इन लोगों के लिए मेरा बस यही मैसेज है कि अगर आपने जिंदगी में मेरी हासिल की गई सफ्लता का एक पर्सेंट भी हासिल नहीं किया है तो मैं आपकी कोई सलाह नहीं सुनूंगी। उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव और आशुतोष राणा जैसे लोग उन पर हमला करके सिर्फ पब्लिसिटी पाना चाहते हैं। उन्होंने उन्हें भूखे-नंगे लोग कहकर खारिज कर दिया और कहा कि वह सफ्ल लोगों की सलाह को छोड़कर इनकी सलाह नहीं लेंगी।

आशुतोष राणा और सोनू सूद के साथ कंगना की हालिया बहस जेनजी प्रदर्शनकारियों पर उनकी टिप्पणियों की वजह से शुरू हुई। जब उन्होंने उन्हें जेनरेशन गटर कहा, तो आशुतोष राणा ने मशहूर हस्तियों से अपनी भाषा का ध्यान रखने को कहा। सोनू सूद ने इन टिप्पणियों को शर्मनाक बताया और कहा कि लोगों को बोलने से पहले सोचना चाहिए। राखी सावंत ने भी युवा महिलाओं और जेनजी के बारे में कंगना के कमेंट्स की आलोचना की थी। (हिफी)

## कविता

### किसन कन्हैया



आगे संगी आगे किसन कन्हैया
बंसी बजईया, गइया चरईया
आगे संगी आगे किसन कन्हैया
देवकी के कोख में
वासुदेव के गोद में
भादो के महीना संगी, अष्टमी आधा रथिया
आगे संगी आगे.....
अधरमी के नास करेबर
धरमी संग रास रचे बर
कंस संग पूतना अउ, राक्षस मन के मरइया
आगे संगी आगे......
घमंडी मन के घमंड टोरे बर
भकत मन संग संबंध जोरे बर
दुर्योधन के मेवा छोड़ के, बिदुर के रोटी भाजी खवईया
आगे संगी आगे......
राधा गोपी के मया बर मीरा सुदामा के दया बर
तीन मुठा चाउर खवईया अउ,
तीन लोक के देवइया
आगे संगी आगे......
धरम करम ला समझायेबर
मनखे ल मनखे बताये बर
माया मोह के छोड़ईया अउ,
गीता गियान देवईया
आगे संगी आगे......



डॉ.एस.एल.गंधर्व
झलमला, बालोद
9926656038

## शब्द सामर्थ्य -152

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. कतार, क्रम, पाँत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चाँद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, मासन 20. बुढ़ापा, घन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाँचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 151 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | ब |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

## सू- दोकू क्र.152

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.151का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपका सहयोग जीवनसाथी के काम में बहुत मदद करेगा। आज रोजगार सम्बन्धी कोई खुशखबरी मिल सकती है। आज आपको काम में एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ सकती है। आज किसी व्यक्ति से आपकी दोस्ती होगी। आप अपने सरल स्वभाव के कारण लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज आपके माता-पिता आपके कार्यों में सहयोग करेंगे।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज घर में नन्हें मेहमान के आने का योग बना हुआ है। आपका घर खुशियों से भर जायेगा। आज सामने आयी चुनौती का डट कर सामना करने में सफल होंगे। इस राशि के जो लोग अभी-अभी नये काम की शुरुआत किये हैं उनको अपने काम पर ध्यान देनें की जरूरत है। आपके आसपास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे तो आपका काम आसानी से पूरा हो जायेगा, हर निर्णय सोच-समझकर लें। आपके द्वारा की गयी सामाजिक कार्यों से लोग प्रभावित होंगे। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, किसी नए प्रोजेक्ट पर काम मिलेगा, जिसे पूरी लगन व मेहनत से पूरा करेंगे।



**कर्क**

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपको आज किसी अच्छी कंपनी द्वारा जॉब का ऑफर मिलेगा। आज आपको बिजनेस से रिलेटेड यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। अभी तक आप जिस बात से परेशान थे, आज आपको उससे छुटकारा मिल जायेगा। आज अपनी समस्या किसी व्यक्ति के सामने सोच-समझकर शेयर करें। कोई भी फैसला समझदारी से लें।पेरेंट्स बच्चों के साथ किसी शॉपिंग मॉल में घूमने जायेंगे, जिससे बच्चों में उत्साह देखने को मिलेगा। छात्र आज अपनी पढाई पर पूरा फोकस करेंगे।



**कन्या**

आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज किसी विशेष परिस्थिति में आपके सही निर्णय लेने की क्षमता से आपको सॉल्यूशन मिल जायेगा। अगर बहुत दिनों से किसी से मिलने की सोच रहे हैं तो आज का दिन अच्छा है। समाज में आपकी पहचान नए लोगों से होगी जिनसे भविष्य में आपको कुछ लाभ भी हो सकता है। आज कार्यस्थल पर किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को मिलेगा।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपका संपर्क किसी प्रभावशाली व्यक्ति से होगा, जिससे मिलकर आप कुछ नया सीखेंगे और अपने जीवन में फॉलो करेंगे। बेकार में समय न नुकसान करें कुछ न कुछ काम करते रहें साथ ही साथ जहाँ तक संभव हो दूसरों की सहायता भी करें। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, आपकी तारीफ भी करेंगे।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप दिन भर कई छोटे-मोटे कामों को करने में व्यस्त रहेंगे। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए अनुभवी लोगों की सलाह मानना आपके लिए अच्छा रहेगा। आज भागदौड़ वाला काम होने से आपको थकावट महसूस होगी, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जायेगा। आपके अच्छे व्यवहार के जरिये आपके कुछ नए दोस्त भी बन सकते हैं।



**धनु**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप माता के साथ उनके किसी मनपसंद जगह पर घूमने जायेंगे। आज आपको नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रहने की जरूरत है। आज कोई आपके ख़िलाफ़ षड्यंत्र बना सकता है, आस-पास की गतिविधियों पर नजर रखें। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूरा करने में सफलता मिलेगी।



**मकर**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके जो भी काम हैं उनको करने में देरी नहीं करेंगे तो आपका काम बिना रूकावट के पूरा हो जायेगा। इस राशि के सिंगर्स का कोई गाना आज ज्यादा से ज्यादा लोगों को पसंद आएगा। क्रिकेट से जुड़ी महिलाओं के लिए आज नयी उंचाइयों तक ले जाने वाला साबित होगा। आज आपको समाज सेवा करने का अवसर मिलेगा।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में खुशी का माहौल रहेगा। आप किसी बात को लेकर मन ही मन खुश रहेंगे। आपके अच्छे विचार लोगों को काफी पसंद आयेंगे लोग आपकी बातों को अहमियत देंगे। योग करें जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग फिल्म जगत से जुड़े हैं उनको कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ज्यादा काम के कारण आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। लेकिन आप कुछ समय निकालकर घर के बड़े-बुजुर्गों के साथ समय बिताएँगे और कुछ पुरानी यादों को ताज़ा करेंगे। आज आप अपने सहकर्मियों के कार्यों को पूरा करने में सहयोग करेंगे। हेल्थ से रिलेटेड प्रॉब्लम्स आज खत्म होंगी, जिससे आप ज्यादा एनर्जेटिक रहेंगे और आपका मन खुश रहेगा।

## कविता

### पेड़ और जिंदगी



पेड़ खड़ा रहा,
जिंदगी चलती रही,
पेड़ हर मौसम देखता रहा,
जिंदगी की तरह,
कभी बहार आई,
कभी पतझड़ आया,
कभी हवा चली,
कभी तूफान आया,
कभी पेड़ से,
उसकी टहनी
गिर कर अलग हो गई।
पेड़ खड़ा रहा।
सब सहता रहा,
जिंदगी चलती रही,
पेड़ की तरह,
जिंदगी और पेड़ में,
अंतर केवल इतना मिला,
पेड़ हमारे लिए जीता रहा,
और हम,
अपने लिए जीते रहे।



सुनील महाकालकर
सेवानिवृत्त प्राचार्य
शक्ति नगर - राजनांदगांव

# छुईखदान में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## प्राचीन मंदिरों में पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल, मनमोहक श्रृंगार ने मोहा श्रद्धालुओं का मन




**छुईखदान (दावा)।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी नगर में श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी को लेकर नगर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिरों में सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, आरती, भजन-कीर्तन और भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी के विशेष श्रृंगार किए गए। नगर के लक्ष्मी नारायण रानी मंदिर, राधा कृष्ण बाई साहब मंदिर, राम मंदिर, जगन्नाथ मंदिर सहित अन्य प्राचीन मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। मंदिरों में दिनभर धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर परिवार एवं नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। कई मंदिरों में भजन-कीर्तन के आयोजन हुए। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के सभी प्रमुख मंदिरों में भगवान श्री राधा-कृष्ण का विशेष श्रृंगार किया गया। अलग-अलग मंदिरों में भगवान के स्वरूपों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। राधा-कृष्ण जी के मनमोहक श्रृंगार को देखने और दर्शन करने के लिए श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे। मंदिरों की साज-सज्जा और धार्मिक वातावरण ने जन्माष्टमी के उत्साह को और बढ़ा दिया। रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिरों में आरती, पूजा-अर्चना और जयकारों का दौर शुरू हुआ। शंखनाद के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया। रात 12 बजे के बाद लक्ष्मी नारायण रानी मंदिर में श्रद्धालुओं की अच्छी भीड़ देखने को मिली। वहीं नगर के अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे और जन्मोत्सव में शामिल हुए।

### राजमहल और प्राचीन मंदिरों ने कराया वृंदावन का एहसास

छुईखदान के ऐतिहासिक राजमहल में विराजमान राधा-कृष्ण जी के मंदिर में भी जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। राजमहल के आसपास स्थित नगर के प्राचीन मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण के अलग-अलग स्वरूपों की आराधना और जन्माष्टमी के आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। राजमहल के चारों ओर स्थित प्राचीन मंदिर, मंदिरों में विराजमान राधा-कृष्ण के विभिन्न स्वरूप, आकर्षक श्रृंगार, भजन-कीर्तन और देर रात तक गूंजते श्रीकृष्ण के जयकारों के बीच छुईखदान का नजारा ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो पूरा नगर वृंदावन धाम बन गया हो। श्रद्धालुओं के बीच भी जन्माष्टमी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे नगर में देर रात तक ''नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की'' और ''जय श्रीकृष्ण'' के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण से नगर एवं क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान छुईखदान की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा की सुंदर झलक भी देखने को मिली।

# भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में उतारना आवश्यक-रंजीता पड़ोती



**डोंगरगांव (दावा)।** समीपस्थ ग्राम रुदगांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री राम जानकी कान्हा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति गीतों व रामधुनी का आनंद लिया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी की गरिमामय उपस्थिति रही, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजीता पड़ोती अध्यक्ष जपं डोंगरगांव की ने की. आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य विवेक मंडावी, जनपद सदस्य दीपक डोमन पटेल, सरपंच भारती सोनकर, पूर्व सरपंच टीकाराम सोनकर शामिल हुए. इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजीता पड़ोती ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श, आचरण और उनके द्वारा दिए गए संदेशों को अपने जीवन में उतारना आवश्यक है. श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, धर्म, कर्तव्य और कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है. आयोजन को सफल बनाने में श्री राम जानकी कान्हा उत्सव समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही. समिति के अध्यक्ष मूलचंद ठाकुर, उपाध्यक्ष चंदू निषाद, कोषाध्यक्ष गेंदलाल पटेल, सचिव सतदेव यादव, सहसचिव केवल निषाद तथा संरक्षक खेमलाल पटेल एवं दुर्वाशा ठाकुर सहित समिति के सदस्यों ने आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई. इस दौरान समिति के सदस्य भगवत राम यादव, दिनेश यादव, तुकाराम निषाद, लालचंद निषाद, टामन लाल पटेल, रोशन लाल निषाद, चुम्मन लाल पटेल, केवल यादव, रमेश्वर निषाद, नरेश यादव, दुवेश ठाकुर, देवकुमार निषाद, पियूष निषाद, चुलेन्द्र यादव, धनसाय निषाद, जग्गूराम ठाकुर, दिपेश कुमार निषाद, कीर्तीकुमार बघेल, टिकेश्वर निषाद, हरिलाल पटेल एवं भेषकुमार (खिल्लु) निषाद सहित ग्रामीण उपस्थित रहे.

# लाखों के बकाया पर बिजली विभाग की सख्त कार्रवाई

### पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह समेत 49 कनेक्शन काटे



**गंडई-पंडरिया (दावा)।** बिजली बिल की बकाया राशि की वसूली को लेकर विद्युत वितरण कंपनी ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। विभाग द्वारा चलाए गए सघन अभियान के तहत लंबे समय से बकाया राशि जमा न करने वाले निजी उपभोक्ताओं के साथ-साथ शासकीय कार्यालयों के कनेक्शन भी काट दिए गए हैं। बताया गया कि इन सभी उपभोक्ताओं पर लाखों रुपये का बिजली बिल बकाया था। विभागीय कार्रवाई के दौरान गंडई स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह), जल संसाधन विभाग, वन विभाग तथा आंगनबाड़ी भवन के विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर दिए गए।

विद्युत विभाग के सब डिवीजन पैलीमेटा, धोधा एवं गंडई क्षेत्र में बकायादारों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। विभागीय टीम ने पिछले 3 दिनों के भीतर कार्रवाई करते हुए कुल 49 बड़े बकायादारों के बिजली कनेक्शन काटे। अचानक हुई इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के बकायादारों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कार्रवाई की जद में केवल आम या व्यावसायिक उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि भारी-भरकम बकाया रखने वाले शासकीय विभाग भी शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा और विच्छेदन से बचने के लिए अपने बकाया बिजली बिलों का भुगतान शीघ्र करें। अधिकारियों के अनुसार, जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिल जमा नहीं किया है, उनके खिलाफ नियमानुसार कनेक्शन काटने का यह अभियान आगे भी अनवरत जारी रहेगा।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया




**खैरागढ़ (दावा)।** 5 सितंबर को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभप्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शाला नायक वत्सल पटेल और शाला नायिका पल्लवी नेताम एवं उनके साथ समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों की भूमिकाओं का निर्वहन करते हुए विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं सह.शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की। मास्टर अंशु आनंद ने प्राचार्य की भूमिका का निर्वहन किया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अन्य कक्षाओं में शिक्षण कार्य करते हुए शिक्षक की भूमिका निभाई और विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक गतिविधियाँ संचालित कीं।

प्रातःकालीन प्रार्थना सभा का संचालन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया। श्रीमती प्रियंका धारगवे ने अनुदेशिका के रूप में सभा का नेतृत्व किया। सुश्री पलक एवं श्रीमती सिमरन द्वारा दैनिक समाचार प्रस्तुत किए गए। नकुल लोहिया ने सुविचार प्रस्तुत किया तथा अमरीश शुक्ल एवं जसवंत सिंह द्वारा हिंदी एवं अंग्रेजी के नवीन शब्द प्रस्तुत किए गए। दोपहर में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कक्षा 12वीं के छात्र.छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक नृत्य प्रस्तुत किया। अंत में प्राचार्य महोदय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी तथा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रकार शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से शिक्षक दिवस समारोह अत्यंत उत्साहपूर्ण गरिमापूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# उपमुख्यमंत्री से जिला सरपंच संघ ने की मुलाकात



**डोंगरगांव (दावा)।** जिला सरपंच संघ राजनांदगांव के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा जी से मुलाकात कर पंचायतों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की. प्रतिनिधिमंडल ने 16वें वित्त आयोग की राशि, मनरेगा में सामग्री मद की बकाया राशि तथा सरपंच एवं पंचों के मानदेय में वृद्धि एवं एसओआर की बढ़ोत्तरी सहित पंचायतों के हित से जुड़े विषयों को प्रमुखता से रखा. सरपंच संघ ने बताया कि समय पर राशि उपलब्ध होने से ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी. प्रतिनिधिमंडल ने पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं और मांगों से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को अवगत कराया तथा उनके निराकरण के लिए सकारात्मक पहल का आग्रह किया. उपमुख्यमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया. इस दौरान जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष कैलाश उके, दीनदयाल साहू अध्यक्ष छुरिया, रोहित साहू अध्यक्ष डोंगरगांव, मालिखम कौसरे सहसचिव, जिला सरपंच संघ के पदाधिकारी उमाकांत चंद्राकर, अजय साहू, हेमंत साहू, लोचन वर्मा, राजेश सिन्हा शामिल रहे।

# दही हांडी उत्सव में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, ग्रामीणों संग मनाई जन्माष्टमी की खुशियां



**छुरिया (दावा)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में दही हांडी उत्सव को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने विकासखंड छुरिया अंतर्गत ग्राम पैरीटोला, पांडेटोला एवं शिकारीटोला में आयोजित दही हांडी उत्सव कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा ग्रामीणों के साथ उत्सव का आनंद साझा किया। तीनों गांवों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान माहौल पूरी तरह भक्तिमय रहा। युवाओं की टोलियों ने अदम्य साहस, संतुलन और एकजुटता का परिचय देते हुए बहुमंजिला मानव पिरामिड बनाए और हांडी फोड़ी। मटकी फूटते ही समूचा परिसर जय श्रीकृष्ण, राधे-राधे और नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समृद्ध भारतीय संस्कृति, परंपरा और मानवीय जीवन मूल्यों का उत्सव है। भगवान श्रीकृष्ण ने जीवन भर सत्य, धर्म, निष्काम कर्म, प्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की सीख दी। उनका चरित्र विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्यपूर्वक धर्मपथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकता के सूत्र में पिरोते हैं। दही हांडी का पर्व युवाओं में सामूहिक सहयोग, अनुशासन और भ्रातृत्व की भावना को सशक्त करता है। साथ ही नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ता है। उन्होंने ग्रामीणों से सामाजिक समरसता और भाईचारे को बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जनपद पंचायत छुरिया सदस्य उत्तरा निषाद, लादूराम तुमरेकी, शिशुपाल साहू, पुरुषोत्तम साहू, कांतिलाल साहू, सरिता चंद्रवंशी, बृजलाल यादव, ललित नेताम, कुमार साहू, नकुल नेताम, धनन्रा यादव, मनोज साहू सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी, बड़ी संख्या में युवा, मातृशक्ति और तीनों गांवों के ग्रामीण उपस्थित थे।

# खपरीकला स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस




**राजनांदगांव (दावा)।** डोंगरगांव शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरीकला में भारत के महान शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका तिलक लगाकर अभिनंदन किया तथा कलम भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गुरु-शिष्य परंपरा, शिक्षा के महत्व और शिक्षक के योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विद्यालय के सभी शिक्षकों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से मां सरस्वती का आकर्षक फोटो फ्रेम भेंट कर शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और सम्मान का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में प्रधान पाठक श्री रमेश चंद्र साहू, प्रधान पाठक श्री एस.एल. तारम, संकुल समन्वयक श्री एस.एल. तिवारी, शिक्षक अवध राम कंवर, शिक्षक भोजराज साहू एवं शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, व्यक्तित्व एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि डॉ. राधाकृष्णन ने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा, ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित किया। उनके आदर्श आज भी विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने का कार्य नहीं करता, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य को दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने शिक्षकों का सम्मान करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलें और अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करें। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी शिक्षक सम्मान, गुरु-शिष्य परंपरा एवं शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षक उनके जीवन को सही दिशा देने के साथ-साथ उन्हें अच्छे संस्कार और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के प्रति व्यक्त किए गए सम्मान और भावनाओं ने कार्यक्रम को और भी भावपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन, संस्कार और निरंतर सीखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर बनाने के साथ समाज और देश के विकास में योगदान दे सकता है। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, बेहतर शिक्षा और सफलता की कामना की गई। शिक्षक दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच सम्मान, स्नेह एवं गुरु-शिष्य संबंधों को और मजबूत करने वाला रहा।

# बजरंगपुर में बैगलेस डे पर दही लूट की धूम



**छुरिया (दावा)।** शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला बजरंगपुर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर दही-लूट के रूप में शनिवार को बैगलेस डे के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानपाठक हेमलाल सहारे के मार्गदर्शन में बच्चों को राधा-कृष्ण के वेशभूषा में तैयार कर स्थानीय लोकगीतों के माध्यम से नाचते-गाते दही-लूट का उत्सव मनाया गया। यह छत्तीसगढ़ की संस्कृति से बच्चों को जोड़ने का मोहक माध्यम है। इससे बच्चों का सांस्कृतिक पक्ष उदार होगा। इस कार्यक्रम में शिक्षकवृन्द हुमन सिंह पिस्दा, गजेंद्र चौधरी, रामनारायण साहू ने सहभागिता की।

# एन.एस.एम पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने किया अपने शिक्षकों का सम्मान

**प्रशासक एवं पूर्व उच्च शिक्षा प्राचार्य डॉ.आर.एन.सिंह का शिक्षकों ने किया अभिनंदन**



**अंबागढ़ चौकी (दावा)।** भारतवर्ष के द्वितीय राष्ट्रपति एवं शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती अवसर पर मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस पर नांदगांव शिक्षा मंडल, राजनांदगांव के अध्यक्ष सुरेश एच.लाल की उपस्थिति में एन एस एम पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का सम्मान किया गया। डॉ.राधाकृष्णन जी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर सर्व प्रथम उच्च शिक्षा पूर्व प्राचार्य डॉ.आर एन सिंह का शॉल श्रीफल प्रदान कर संस्था के शिक्षकों ने सम्मान किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर एन एस एम पब्लिक स्कूल, अंबागढ़ चौकी के शिक्षकों सहित स्टाफ के सम्मान के लिए अध्यक्ष सुरेश एच लाल के नेतृत्व में डॉ.आर एन सिंह (प्रशासक) सहित कार्यकारिणी सदस्य अशोक कोटाडिया एवं महेंद्र लूनिया ने अपनी महत्व पूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। संस्था के विद्वान शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से डॉ. आर एन सिंह को सम्मान प्रदान किया गया।

अपने उद्बोधन में संस्था अध्यक्ष सुरेश एच लाल ने कहा कि शिक्षक की भूमिका समाज में सबसे अलग होती है। वही बच्चों को उनके भविष्य की राह दिखाता है। इसी क्रम में डॉ.आर.एन.सिंह ने एक छोटे बच्चे की शिक्षक के प्रति सम्मान भावना को सुंदर उदाहरण से स्पष्ट किया। सदस्य अशोक कोटडिया ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह दिन उनके लिए बड़ा उपहार है। सदस्य महेंद्र लूनिया ने कहा कि शिक्षक उस रबर की तरह है जो गलतियों को पल भर में मिटा देता है। अंत में संस्था प्राचार्य ने अपने शिक्षकों की भूमिका को सराहते हुए उन्हें फ्रंट लाइन का बड़ा समाज सुधारक बताते हुए अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी है 'गुरु धर्म', 18 किमी दूर से बच्चों का भविष्य गढ़ने पहुंच रहे सुखदेव दास साहू

**नौकरी से रिटायर हुए, शिक्षा से नहीं 7 कक्षा 6वीं से 8वीं तक करीब 100 बच्चों को निःशुल्क पढ़ा रहे सेवानिवृत्त शिक्षक**



**ठेलकाडीह (दावा)।** शिक्षक की नौकरी से सेवानिवृत्ति हो सकती है, लेकिन ज्ञान बांटने और बच्चों का भविष्य संवारने का संकल्प कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। इस बात को चरितार्थ कर रहे हैं सेवानिवृत्त शिक्षक सुखदेव दास साहू, जो नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बाद भी बच्चों की पढ़ाई को अपना मिशन बनाए हुए हैं। उनका पैतृक गांव कलेवा निवासी सुखदेव दास साहू ने अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत 16 अप्रैल 1987 को की थी। उन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला मदुराकुही सहित विभिन्न विद्यालयों में अपनी सेवाएं देते हुए हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा का उजियारा दिया। सुखदेव साहू का शिक्षकीय सफर के बाद वे 31 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त हुए। आमतौर पर सेवानिवृत्ति के बाद लोग आराम की जिंदगी बिताना पसंद करते हैं, लेकिन 63 साल के सुखदेवदास साहू ने इसके उलट 18 अगस्त 2026 से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ठेलकाडीह में निःशुल्क बच्चों को पढ़ाने का निर्णय लिया। खास बात यह है कि वे रोजाना राजनांदगांव शंकरपुर से ठेलकाडीह तक करीब 18 किलोमीटर का सफर तय कर बच्चों के बीच पहुंचते हैं।

### 100 बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी, नहीं लेते एक रुपया

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ठेलकाडीह में कक्षा 6वीं से 8वीं तक करीब 100 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन्हीं बच्चों को साहू हिंदी और अंग्रेजी विषय पढ़ा रहे हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका कक्षा में पहुंचना और बच्चों को पढ़ाना बताता है कि उनके लिए शिक्षण महज नौकरी नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य है।

### 18 किलोमीटर की दूरी भी नहीं रोक पाती कदम

राजनांदगांव से ठेलकाडीह की करीब 18 किलोमीटर दूरी तय कर स्कूल पहुंचना अपने आप में उनके समर्पण की कहानी कहता है। न कोई वेतन, न कोई पद-फिर भी बच्चों के बीच पहुंचने का सिलसिला जारी है। जहां आज नौकरी खत्म होने के साथ जिम्मेदारियां खत्म मान ली जाती हैं, वहीं साहू ने सेवानिवृत्ति के बाद अपनी जिम्मेदारी का दायरा और बढ़ा लिया।

### 'जब तक शरीर साथ देगा, बच्चों को पढ़ाता रहूंगा'

अपने इस सेवाभाव को लेकर सुखदेव दास साहू कहते हैं, जब तक मेरा शरीर स्वस्थ रहेगा, तब तक मैं बच्चों को पढ़ाने के लिए आता रहूंगा। उनके ये शब्द शिक्षक दिवस के अवसर पर महज एक कथन नहीं, बल्कि गुरु और शिष्य के रिश्ते की उस परंपरा की तस्वीर हैं, जिसमें शिक्षक का उद्देश्य वेतन नहीं, बल्कि विद्यार्थी का भविष्य होता है।

> **“सुखदेवदास साहू का अनुभव हमारे लिए एक मार्गदर्शन की तरह है। वे बच्चों की शैक्षणिक जरूरतों को समझते हैं और अपने अनुभव के आधार पर शिक्षण को बेहतर बनाने में सहयोग करते हैं। उनका विद्यालय आकर बच्चों को पढ़ाना यह संदेश देता है कि एक शिक्षक की वास्तविक सेवा केवल नौकरी की अवधि तक सीमित नहीं होती।**

## पहला कॉलम...

### टाटा टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ ने करीब 165 करोड़ रुपए के शेयर बेचे

नई दिल्ली। टाटा टेक्नोलॉजीज के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) पैट्रिक रेमन मैकगोल्ड्रिक ने बीएसई पर ब्लॉक डील के जरिए करीब 165 करोड़ रुपए के शेयर बेचकर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है।

मैकगोल्ड्रिक ने शुक्रवार को चार चरणों में 21 लाख शेयर बेचे, जो टाटा समूह की इस कंपनी में 0.51 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इन शेयरों को औसतन 785 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर बेचा गया, जिससे इस लेनदेन का कुल मूल्य 164.85 करोड़ रुपए रहा। इसके बाद टाटा टेक्नोलॉजीज में मैकगोल्ड्रिक की हिस्सेदारी 1.13 प्रतिशत से घटकर 0.62 प्रतिशत रह गई।

जानकारी के मुताबिक, इन शेयरों को आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड, 360 वन एसेट मैनेजमेंट और कार्नेलियन एसेट मैनेजमेंट एंड एडवाइजर्स सहित संस्थागत निवेशकों ने खरीदा। मैकगोल्ड्रिक ने कंपनी के साथ करीब दो दशक के जुड़ाव के बाद सितंबर 2014 में टाटा टेक्नोलॉजीज के सीईओ और एमडी के पद से सेवानिवृत्ति ली थी।

टाटा टेक्नोलॉजीज के शेयर शुक्रवार को बीएसई पर 0.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 799.85 रुपए पर बंद हुए। शेयर का 52-सप्ताह का उच्चतम स्तर 890.15 रुपए और 52-सप्ताह का निचला स्तर 507.50 रुपए है। पिछले दो वर्षों में शेयर में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। इसके अलावा, पुणे मुख्यालय वाली कंपनी ने मार्च तिमाही में 204.17 करोड़ रुपए का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि परिचालन से राजस्व 1,572.22 करोड़ रुपए रहा।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11.475 बिलियन डॉलर बढ़कर ऑल-टाइम हाई 740.803 बिलियन डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 28 अगस्त को समाप्त हुए सप्ताह में 11.475 बिलियन डॉलर बढ़कर अब तक के सबसे उच्चतम स्तर (ऑल-टाइम हाई) 740.803 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए डेटा में दी गई।

इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का ऑल-टाइम हाई 729.328 बिलियन डॉलर था, जो कि 21 अगस्त को समाप्त हुए हफ्ते में दर्ज किया गया था। आरबीआई के डेटा के मुताबिक, 28 अगस्त को समाप्त हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) की वैल्यू 9.337 बिलियन डॉलर बढ़कर 600.670 बिलियन डॉलर हो गई है।

एफसीए में डॉलर के साथ दुनिया की कई अहम वैश्विक मुद्राएं जैसे येन, यूरो और पाउंड होती हैं, जिनकी वैल्यू को डॉलर में दिखाया जाता है। इस दौरान, विदेशी मुद्रा भंडार के दूसरे सबसे बड़े घटक गोल्ड रिजर्व की वैल्यू 2.191 बिलियन डॉलर बढ़कर 116.409 बिलियन डॉलर हो गई है।

आरबीआई के अनुसार, 28 अगस्त को समाप्त हुए हफ्ते में एसडीआर की वैल्यू 43 मिलियन डॉलर घटकर 18.810 बिलियन डॉलर रही है। वहीं, भारत की आरबीआई में रिजर्व पॉजिशन 11 मिलियन डॉलर घटकर 4.914 बिलियन डॉलर पर पहुंच गई है।

देश के विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ने की वजह डॉलर आकर्षित करने की लिए आरबीआई की ओर से शुरू की गई स्कीमों को माना जा रहा है, जिसके तहत देश में करीब 136 बिलियन डॉलर से अधिक का फंड आया है।

### केंद्र सरकार की कॉर्पोरेट मित्र पहल शुरू

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए अनुपालन (कंप्लायंस) की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कॉर्पोरेट मित्र पहल शुरू की है। इस पहल का मकसद अनुपालन को डरावना नहीं, बल्कि आसान और ज्ञान को सुलभ बनाना है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की संयुक्त सचिव अनीता शाह अकेला ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य अनुपालन को एक बोझ से बदलकर विश्वास, पारदर्शिता, जवाबदेही और व्यवस्थित विकास का माध्यम बनाना है।सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में कॉर्पोरेट मित्र पहल की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य प्रशिक्षित और प्रमाणित पैरा-प्रोफेशनल्स का एक पूल तैयार करना है जो एमएसएमई को बिजनेस और रेगुलेटरी अनुपालन में मदद कर सकें।

यह प्रोग्राम आईसीएआई, आईसीएसआई और आईसीओएआई की प्रोफेशनल विशेषज्ञता को आईआईटी मद्रास, आईआईटी मद्रास प्रवर्तक औरस्वयं प्लस के तकनीकी और अकादमिक सहयोग के साथ जोड़ता है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) और इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीओएआई) ने कॉर्पोरेट मित्र कोर्स शुरू कर दिया है।

# सात्विक-चिराग ने रचा इतिहास : पहली बार चाइना मास्टर्स का खिताब जीता, फाइनल में चीन की जोड़ी को हराया



शेनझेन । भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने आखिरकार चाइना मास्टर्स का खिताब अपने नाम कर लिया। सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में भारतीय जोड़ी ने चीन के घरेलू पसंदीदा हे जी तिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी को तीन गेम तक चले मुकाबले में शिकस्त दी। सात्विक और चिराग ने मुकाबला 11-21, 21-13, 21-17 से अपने नाम किया। इसके साथ ही भारतीय जोड़ी ने इस टूर्नामेंट में पिछले दो फाइनल की निराशा को भी पीछे छोड़ दिया।

### 2023 और 2025 में रह गए थे उपविजेता

चाइना मास्टर्स सात्विक-चिराग के लिए लंबे समय से चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंट रहा था। भारतीय जोड़ी 2023 और 2025 में फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन दोनों ही मौकों पर उसे उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा था। इस बार भी फाइनल में उनके सामने चीन की घरेलू जोड़ी थी, लेकिन सात्विक और चिराग ने दबाव में शानदार वापसी करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। चीन की धरती पर यह जीत भारतीय जोड़ी के लिए खास उपलब्धि है।

### पहले गेम में पिछड़े, फिर पलट दिया मुकाबला

फाइनल में हे जी तिंग और रेन शियांग यू ने आक्रामक शुरुआत की। चीनी जोड़ी ने सात्विक-चिराग को पहले गेम में ज्यादा मौके नहीं दिए और 21-11 से गेम अपने नाम कर लिया। पहले गेम में पिछड़ने के बाद भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में अपने खेल का स्तर बढ़ाया। सात्विक और चिराग ने बेहतर तालमेल और सूझबूझ के साथ खेलते हुए चीनी जोड़ी पर दबाव बनाया। इसका फायदा उन्हें मिला और उन्होंने दूसरा गेम 21-13 से जीतकर मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया।

तीसरे गेम में मुकाबला काफी करीबी रहा, लेकिन निर्णायक मौकों पर भारतीय जोड़ी ने धैर्य बनाए रखा। सात्विक-चिराग ने दबाव को बेहतर तरीके से संभाला और 21-17 से तीसरा गेम जीत लिया। तीसरा गेम अपने नाम करते ही भारतीय जोड़ी ने चाइना मास्टर्स के खिताब पर भी कब्जा जमा लिया। इस तरह 2023 और 2025 के फाइनल में मिली हार के बाद सात्विक-चिराग ने आखिरकार इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

### इस सीजन का दूसरा बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब

चाइना मास्टर्स की जीत सात्विक और चिराग के लिए इस सीजन का दूसरा बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब है। इससे पहले भारतीय जोड़ी ने सिंगापुर ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था। चाइना मास्टर्स का यह खिताब ऐसे समय आया है, जब आगामी एशियाई खेलों की चुनौती सामने है। ऐसे में चीन की धरती पर सुपर 750 खिताब जीतना सात्विक-चिराग के आत्मविश्वास के लिए बेहद अहम माना जा सकता है।

## रुमेश पथिरगे ने रचा इतिहास, डायमंड लीग खिताब जीतने वाले पहले श्रीलंकाई बने

ब्रसेल्स। श्रीलंका के जैवलिन थ्रोअर रुमेश थरंगा पथिरगे ने इतिहास रच दिया है। वह डायमंड लीग चैंपियन बनने वाले पहले श्रीलंकाई बन गए हैं। दुनिया के नंबर 1 जेवलिन थ्रोअर रुमेश ने ब्रसेल्स के किंग बाउडौइन स्टेडियम में आयोजित डायमंड लीग फाइनल में खिताब जीत सीजन का अंत शानदार और यादगार अंदाज में किया। 23 साल के इस खिलाड़ी ने किंग बाउडौइन स्टेडियम में अपनी तीसरी कोशिश में 89.04 मीटर की बड़ी दूरी तय करके जीत पक्की की। पोलैंड के डेविड वेगनर 87.47 मीटर दूसरे स्थान पर रहे। पूर्व ओलंपिक चैंपियन त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट ने सीजन का सबसे अच्छा थ्रो फेंका और 83.99 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। ग्रेनेडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स 83.70 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। जीत के बाद रुमेश ने कहा, मैं डायमंड लीग फाइनल जीतने वाला पहला श्रीलंकाई हूं और इससे मुझे बहुत गर्व है। मैं डायमंड लीग में मुकाबला करने के लिए बहुत उत्सुक था और मैं बहुत खुश हूं कि मुझे फाइनल में जीत मिली। मुझे पता है कि मैं आज 89.04 से कहीं बेहतर कर सकता था, लेकिन हालात मुश्किल थे। मुझे बहुत ज्यादा तापमान की आदत है।



मैं अगले कुछ सालों में अटैक करने और मीटिंग रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करूंगा।

इस जीत ने श्रीलंकाई खिलाड़ी के लिए एक शानदार डायमंड लीग कैंपेन पूरा किया, जो सीजन के दौरान शानदार प्रदर्शन के बाद सर्किट लीडर के तौर पर फाइनल में पहुंचे थे।

श्रीलंकाई स्टार ने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें उनके पांच डायमंड लीग मैचों में से चार में जीत मिली है। वह रबात में अपनी सीरीज में डेब्यू करते हुए दूसरे नंबर पर रहे, लेकिन रोम और ज्यूरिख दोनों जगह उन्होंने 92 मीटर से ज्यादा फेंका, और अब तक के टॉप टेन थ्रोअर में शामिल हो गए।

रोम में श्रीलंकाई खिलाड़ी की 92.62 मीटर की वर्ल्ड लीड ने उन्हें इस सीजन में वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप पर पहुंचने में मदद की है।

## सीपीएल 2026 : सुनील नरेन का चला जादू, त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने बारबाडोस को 35 रन से हराया



बारबाडोस। कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2026 का 27वां मुकाबला किंग्सटन ओवल, ब्रिजटाउन में खेला गया। बारबाडोस ट्राइडेंट्स और त्रिनबागो नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। त्रिनबागो ने 35 रन से मैच जीता। बारबाडोस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 6 विकेट पर 147 रन बनाए थे। कप्तान निकोलस पूरन ने 37 गेंदों पर 7 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 59 रन की पारी खेली। इसके अलावा, सलामी बल्लेबाज कोलिन मुनरो ने 32 गेंदों पर 38 रन बनाए। किरोन पोलार्ड ने 15 और जोशुआ डा सिल्वा ने 10 रन बनाए थे। बारबाडोस के लिए गुडाकेस मोती ने 3, मुजीब उर रहमान ने 2 और जकीम पोलार्ड ने 1 विकेट लिए।

148 रन के सामान्य लक्ष्य का पीछा करने उतरी बारबाडोस की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। बारबाडोस 18.3 ओवर में 112 रन पर सिमट गई और 35 रन से मैच हार गई। जैकरी कार्टर और शरफेन रदरफोर्ड ने 21-21 रन बनाए। इसके अलावा, डेनियल सैम्स ने 17, ब्रैंडन किंग्स और सैड्रैक डेसकार्टेस ने 16-16 रन बनाए। क्विंटन डि कॉक और रिवाल्डो क्लार्क जैसे बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए।

त्रिनबागो के लिए सुनील नरेन ने बेहतरीन और मैच विजयी स्पेल फेंका। नरेन ने 3.3 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके अलावा, जेड गुली ने 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट लिए। लाहिरु कुमारा ने 2 और अकील हुसैन ने 1 विकेट लिया।

सुनील नरेन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

त्रिनबागो नाइट राइडर्स की सीजन के नौवें मैच में यह तीसरी जीत थी। 6 अंकों के साथ टीम छठे स्थान पर है। वहीं, बारबाडोस की सीजन के छठे मैच में यह चौथी हार थी। 4 अंक के साथ बारबाडोस आखिरी (सातवें) स्थान पर है। एंटिगुआ एंड बरबुडा फॉल्कंस 9 मैचों में 5 जीत के साथ 11 अंक लेकर पहले स्थान पर है।

# छत्तीसगढ़ में 3 हादसों में 5 मौतें: ट्रक ने 2 को कुचला, दुर्ग में 2 दोस्तों की गई जान, भिलाई में ट्रेन से गिरा युवक

दुर्ग-भिलाई। छत्तीसगढ़ में 3 अलग-अलग हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई। मुंगेली में बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे-130 पर अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार 3 युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। तीनों युवक अपने रिश्तेदार के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। वहीं, दुर्ग में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार 2 युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार 2 हिस्सों में बंट गई। इसके अलावा मटकी फोड़ उत्सव देखने डोंगरगढ़ जा रहा एक युवक भिलाई में चलती ट्रेन से गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### मुंगेली में ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत

मुंगेली जिले के सरगांव थाना क्षेत्र में बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे-130 पर नारायणपुर के पास अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार



3 युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि तीनों युवक बैतलपुर में अपने रिश्तेदार के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। हादसे में बेमेतरा जिले के रहने वाले चोलाराम साहू (20) और मुंगेली जिले के सागर यादव (19) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मुंगेली का सूरज यादव (26) गंभीर रूप से घायल है। उसे सरगांव के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही सरगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

### दुर्ग में पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो, दो की मौत

दुर्ग में शनिवार देर रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार 2 युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सेक्टर-4 के प्रतीक ठाकुर (26) और भास्कर (26) के रूप में हुई है। कार अनियंत्रित हो गई और सर्विस लेन पार करते हुए पेड़ से जा टकराई। प्रतीक ठाकुर की मौत मौके पर ही हो गई थी। वहीं, भास्कर को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। भिलाई में एक अन्य हादसे में कैंप-2 के शारदा पारा निवासी विनय की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह डोंगरगढ़ में मटकी फोड़ उत्सव देखने जा रहा था। इसी दौरान बटालियन शराब भट्ठी के पास वह चलती ट्रेन से गिर गया। हादसे में विनय की मौत हो गई।

## ज्योतिष चमत्कार ( 7 सितम्बर 2026 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 31 | 43 | 52 | 60 |
| मंगल | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 42 | 53 | 60 | 76 |
| बुध | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 54 | 68 | 78 | 80 |
| गुरू | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 67 | 79 | 89 | 96 |
| शुक्र | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 70 | 87 | 97 | 09 |
| शनि | 1 | 8 | 9 | 0 |
| | 12 | 86 | 98 | 08 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 1 | 8 | 9 | 0 |
| | 19 | 82 | 93 | 02 |
| मंगल | 1 | 2 | 9 | 0 |
| | 18 | 20 | 92 | 03 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 0 |
| | 17 | 29 | 36 | 04 |
| गुरू | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 10 | 28 | 37 | 48 |
| शुक्र | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 26 | 39 | 47 | 56 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 6 | 7 | 8 |
| स्पेशल | 43 | 56 | 97 | 08 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 6 | 7 | 0 |
| स्पेशल | 35 | 46 | 87 | 90 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | 81 | 38 | 37 | 26 | XX |
| 33 | 20 | 73 | 88 | 99 | 31 |
| 07 | 17 | 33 | 92 | 32 | 50 |
| 69 | 05 | 18 | 65 | 70 | 63 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 99 | 53 | 70 | 39 | 76 |
| 60 | 73 | 82 | 23 | 77 |
| 96 | 23 | 42 | 98 | 41 |
| 43 | 81 | 52 | 50 | 99 |

**जनवरी 2025 से सितम्बर 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

**कल्याण** 2024-25 -22-86
2026-10-22-29-40-41-43-44-47-60-61-84-85-86-87-09
1-777 2-499-444-3-166-4-400-888 5-122 -799-555, 6-466-222 7- 999 8-440-666 9-333 0-118-000

**राजधानी नाईट** 2024- -88 2025- -24-49-88-
2026-10-13-14-17-24-26-31-32-40-44-49-51-54-57-61-72-74-75-88-91-94-07-00
1-146-777, 2-660-444,3-166 -111, 4-112-888, 5-366-447-555 6-222, 7-700-999, 8-288-666, 9-117- 333, 0-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**दिल्ली में 50 साल पुरानी बिल्डिंग....**

पूरी इमारत ढह गई। पुलिस और बचाव दल मलबे में फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। यह इलाका दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस के पास है। यहां बड़ी संख्या में छात्र पीजी और हॉस्टल में रहते हैं। संकरी और भीड़भाड़ वाली गलियों के कारण राहत और बचाव अभियान में भी मुश्किलें आ रही हैं।

0 आप नेताओं ने भी उठाए सवालः अरविंद केजरीवाल ने भी हादसे को बेहद दुखद और चिंताजनक बताया है। उन्होंने दिल्ली सरकार से नागरिकों की सुरक्षा के लिए बड़े स्तर पर कदम उठाने की मांग की है। आप सांसद आतिशी ने राहत और बचाव अभियान तेज करने के साथ ही मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में अवैध निर्माण और कथित भ्रष्टाचार को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि बेसमेंट में बारिश के मौसम के दौरान खुदाई का काम चल रहा था।

0 स्वास्थ्य मंत्री ने दिया मदद का भरोसाः हादसे के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से बात की और सत्य निकेतन में इमारत गिरने के बाद हालात का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और एम्स के डायरेक्टर और केंद्र सरकार के अस्पतालों को जरूरी मदद और सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले हादसे पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए स्थिति को बेहद चिंताजनक करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे घटनाक्रम पर पैनी नजर बनाए हुए है और सभी संबंधित एजेंसियां आपसी तालमेल के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर एक नागरिक की सुरक्षा और भलाई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा कि डीडीएमए, एनडीआरएफ, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, एमसीडी, कैट्स और सिविल डिफेंस की टीमें युद्धस्तर पर बचाव कार्यों को अंजाम दे रही हैं। एहतियात के तौर पर बगल वाली इमारत को भी खाली करा लिया गया है। मलबे में दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**कैलिफोर्निया में प्लेन क्रैश....**

हुआ। विमान के गिरने के कारणों का अभी तक पूरी तरह से पता नहीं चल पाया है और अधिकारी इस गुत्थी को सुलझाने में लगे हैं। हादसे के तुरंत बाद पीजीएंडई के आउटेज मैप के अनुसार आसपास के निवासियों को थोड़े समय के लिए बिजली कटौती का सामना करना पड़ा, जिसे बाद में सुचारू कर दिया गया। हालांकि, अधिकारियों ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि बिजली आपूर्ति बाधित होना सीधे तौर पर विमान के गिरने से हुए नुकसान का परिणाम था या नहीं, लेकिन स्थिति से निपटने के लिए यूटिलिटी क्रू ने तुरंत काम किया।

**सागर में जहरीली शराब पीने से 11....**

जांच शुरू कर दी है। फिलहाल ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ने और मौतों के पीछे संदिग्ध शराब के सेवन की बात सामने आई है, लेकिन मामले की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि ग्रामीणों ने शराब कहां से खरीदी थी, उसमें कौन से पदार्थ मौजूद थे और शराब के सेवन के बाद इतनी बड़ी संख्या में लोगों की तबीयत क्यों बिगड़ी। मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। घटना के बाद प्रभावित गांवों में दहशत का माहौल है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। बीमार लोगों को आवश्यकता के अनुसार बंडा से सागर रेफर किया जा रहा है।

**ईरान ने अमेरिका के हमले का दिया....**

बयान को साझा करते हुए कहा कि अगर ईरान अमेरिकी जहाजों पर गोली चलाता है तो उसे इसकी बड़ी आर्थिक कीमत चुकानी पड़ेगी। हेगसेथ का संदेश साफ था ईरान को अमेरिकी नौसेना के जहाजों पर हमला नहीं करना चाहिए, वरना उसके तेल टैंकर अमेरिकी कार्रवाई का निशाना बन सकते हैं।

**सर्चिंग के दौरान मिला नक्सलियों का....**

गया डंप मिला। इसमें हथियार के साथ बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और अन्य नक्सली सामान बरामद किया गया। तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों को एक 9 एमएम पिस्टल मिली। इसके अलावा करीब 30 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई। जंगल में विस्फोटक सामग्री मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके को सुरक्षित किया और बीडीएस टीम को मौके पर बुलाकर सामग्री की जांच कराई। पुलिस और सुरक्षा बलों की सतर्कता के कारण संभावित खतरे को टालते हुए बरामद आईईडी और विस्फोटक को सुरक्षा प्रक्रिया के तहत हैंडल किया गया। बरामद नक्सली डंप में करीब 10 किलोग्राम वजन की टिफिन आईईडी भी शामिल थी। आईईडी मिलने के बाद बीडीएस टीम ने सुरक्षा मानकों के अनुसार कार्रवाई की और इसे मौके पर ही सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया। जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में आईईडी की मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में अतिरिक्त सतर्कता बरती।

**झीरम हमले में 10 दोषी, मास्टरमाइंड से.....**

23 दिसंबर 2023 को जारी वांटेड इश्तहार में देवजी और देवा समेत 19 नक्सलियों की जानकारी सार्वजनिक की थी। इसमें देवजी का नाम और फोटो भी शामिल था। देवजी ने 24 फरवरी 2026 को तेलंगाना में सरेंडर किया, जबकि देवा ने 2 जनवरी 2026 को तेलंगाना में सरेंडर किया। सरेंडर के बाद थिप्पिरी तिरुपति देवजी ने मई में इंटरमीडिएट सेकंड ईयर की तेलुगु परीक्षा भी दी थी। इसके बावजूद इस मामले में पुलिस ने अब तक उससे पूछताछ नहीं की है।

इस मामले में कट्कम सुदर्शन को भी आरोपी बनाया गया था, लेकिन 2023 में उसकी मौत हो गई। वहीं, सबसे बड़ा वांछित आरोपी मुपल्ला लक्ष्मणा राव उर्फ गणपति अब तक पकड़ से बाहर है। घटना के समय वह CPI (माओवादी) का महासचिव था। 23 दिसंबर 2023 को एनआईए ने इश्तहार में इन्हें फरार घोषित किया था देवजी सरेंडर 24 फरवरी 2026, तेलंगाना गणेश उइके उर्फ राजेश मारा गया 25 दिसंबर 2025, ओडिशा मुठभेड़ 6जयलाल मंडावी उर्फ गंगा जीवित/वांछित 6 बारसे सुक्का उर्फ देवा/देवअन्ना सरेंडर 2 जनवरी 2026 तेलंगाना 6सोमा सोढ़ी उर्फ सुरेंद्र/माड़वी सीमा सरेंडर 7 दिसंबर 2025, बालाघाट, मप्र।

**झीरम घाटी फैसले पर सीएम साय...**

मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रभार में बदलाव को लेकर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जब बघेल को पंजाब का प्रभारी बनाया गया था, तब वहां भी उनका विरोध सामने आया था। साय ने कहा कि कांग्रेस का संगठनात्मक बदलाव उसका आंतरिक मामला है, लेकिन इससे पार्टी के भीतर चल रही खींचतान सामने आती है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कांग्रेस को दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने संगठन के भीतर झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया राजनीतिक बयानों से नहीं, बल्कि तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे बढ़ती है। उनके मुताबिक जनता आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति के बजाय तथ्य और प्रमाण चाहती है।

# ‘नशा मुक्त भारत फॉर विकसित भारत’ अभियान के तहत बुचाटोला में निकली विशाल संदेश रैली



छुरिया (दावा)। नशा मुक्त भारत फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड छुरिया के ग्राम बुचाटोला में समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में विशाल नशा मुक्ति संदेश जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें विद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### नारे व स्लोगन से दिया जागरूकता का संदेश

जागरूकता रैली के दौरान स्कूली बच्चे हाथों में नशा मुक्ति से जुड़े प्रेरणादायी नारों और संदेशों से सुसज्जित तख्तियां लेकर चल रहे थे। बच्चों ने गांव के प्रमुख मार्गों व गलियों का भ्रमण कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया तथा नशा त्यागने का आह्वान किया। रैली में बच्चों के साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और गांव के प्रबुद्धजन भी कदम से कदम मिलाकर चले।

### सामूहिक रूप से लिया नशा मुक्ति का संकल्प

रैली के समापन अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक रूप से संकल्प दिलाया गया। वक्ताओं ने कहा कि एक स्वस्थ और विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए समाज का व्यसनमुक्त होना नितांत आवश्यक है। इस जागरूकता कार्यक्रम में शिक्षकगण, विद्यार्थी, पालक, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल रहे। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से कलापथक दल के प्रमुख कलाकार बीरसिंह साहू, तिहार सिंह ध्रुव, ईश्वर पटेल तथा सुमित साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समाज कल्याण विभाग के प्रमुख कलाकार बीरसिंह साहू द्वारा दी गई।

# शदाणी सेवा मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में ज्ञान रस की शिखर अनुभूति को आत्मसात किया



राजनांदगांव। शदाणी सेवा मंडल राजनांदगांव द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा प्रसंगों ने ज्ञान रस के शिखर को छू लिया। भारतीय दर्शन, भक्ति और अध्यात्म की त्रिवेणी में गोते लगाते हुए उपस्थित श्रोता भावविभोर नजर आए।

कथा व्यास ने तृतीय दिवस के मुख्य वृत्तांत में मनु पुत्री माता देवहुति और तपस्वी कर्दम मुनि की धर्म सेवा का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे माता देवहुति के गर्भ से नौ मानस पुत्रियों और भगवान श्रीकृष्ण के अंशावतार के रूप में महर्षि कपिल का प्राकट्य हुआ। माता देवहुति ने अत्यंत वात्सल्य भाव से भगवान कपिल का पालन-पोषण किया। कालांतर में जब वैराग्य का भाव जगा, तब माता देवहुति ने स्वयं अपने पुत्र कपिल से तत्वज्ञान की दीक्षा देने का आग्रह किया। भगवान कपिल ने माता के आग्रह को स्वीकार कर उन्हें ‘सांख्य योग’ का गूढ़ दर्शन प्रदान किया।

व्यासपीठ ने कहा कि भारतीय दर्शन में गुरु-शिष्य परंपरा का इससे उत्कृष्ट उदाहरण कहीं नहीं मिल सकता, जहां एक जन्मदात्री माँ अपने ही पुत्र को गुरु मानकर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करती है और भवसागर पार उतरती है। इसी प्रकार महान पराक्रमी चक्रवर्ती राजा परीक्षित ने भी महर्षि वेदव्यास के किशोरवय पुत्र शुकदेव मुनि के चरणों में शिष्य भाव से बैठकर मोक्ष दायिनी भागवत कथा का श्रवण किया।

### जन्मदिन पर मिला आशीर्वाद, कविता का विमोचन

कथा के दौरान महादेव अंदानी के जन्मदिन के अवसर पर पंडित ऋषिराज त्रिपाठी ने उन्हें व्यासपीठ से मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। इसी क्रम में पंडित जी के सानिध्य में अंब्रिक मोटलानी की नई कविता ÷मेरा जन्म दिन÷ का विमोचन यूट्यूब चैनल %मेरी रचना% पर किया गया।

### इन्होंने की पूर्वजों की मुक्ति हेतु पूजा-अर्चना

तृतीय दिवस की कथा में मुख्य यजमान पवन अंदानी, संदीप अंदानी, रूपचंद अंदानी, रवि, विक्रम एवं समस्त अंदानी परिवार ने अपने पूर्वजों की मुक्ति व आत्मशांति हेतु विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की।

कथा में नगर के वरिष्ठ कवि गिरीश ठक्कर, स्वर्गीय प्यारे लाल म्युनिसिपल स्कूल के प्राचार्य संजीव मिश्रा, प्रख्यात आयुर्वेदिक वैद्य डॉ. महेश मिश्रा, भजन गायक डॉ. मुरलीधर शर्मा, नंदलाल लालवानी, अमर कुकरेजा, विजय लोहानी, श्रीमती रीटा लालवानी, भाविका मोटलानी, मंशा अंदानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। उक्त जानकारी आयोजन समिति के सदस्य नवीन कुकरेजा एवं अंब्रिक मोटलानी ने एक संयुक्त विज्ञप्ति में दी।

# ‘जहां अन्याय हो, वहां चुप रहना भी उचित नहीं’ : जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा



**कोसरिया यादव समाज सर्किल दुर्रेबंजारी ने धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव**

छुरिया (दावा)। कोसरिया यादव समाज सर्किल दुर्रेबंजारी के तत्वावधान में कृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्किल अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने की।

वहीं विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य बिरम राम कुमार माण्डवी, राजेश्वर ध्रुवे तथा भाजपा मंडल छुरिया के उपाध्यक्ष नैनसिंह पटेल मंचासीन रहे। समारोह को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मथुरा के कारागार में हुआ था। उस समय समाज अत्याचारी कंस के आतंक से भयभीत और त्रस्त था। ऐसे विकट समय में भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण अन्याय के विरुद्ध न्याय की आशा बनकर हुआ। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, सत्य और धर्म का मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिए और जहां अन्याय हो, वहां चुप रहना भी उचित नहीं है।

### कर्म के मार्ग पर ईमानदारी से आगे बढ़ें युवा : बिरम माण्डवी

जिला पंचायत सदस्य बिरम राम कुमार माण्डवी ने श्रीमद्भगवद्गीता के अमर संदेश ‘कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन’ का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा अधिकार केवल कर्म करने पर है, फल की चिंता करने पर नहीं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भगवान श्रीकृष्ण के संदेश को आत्मसात कर ईमानदारी और निष्ठा से मेहनत करें। असफलता से घबराए बिना यदि सही मार्ग पर चला जाए, तो सफलता अवश्य मिलती है।

### प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान

इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट शैक्षणिक व अन्य उपलब्धियों के लिए मंच से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में हाटबंजारी सरपंच बिसो बाई मांडवी, टीपानगढ़ सरपंच स्वाति मंडावी, खेमचंद साहू, अशोक सेन, बलदेव यादव, जयपाल यादव, हीरालाल मंडावी सहित बड़ी संख्या में कोसरिया यादव समाज के प्रमुख, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रदेश किसान मोर्चा ने जिलाध्यक्ष अरुण यादव को दिया प्रशस्ति पत्र, उत्कृष्ट कार्यों के लिए हुए सम्मानित



**डीएलपी व वी.जी. राम जी कार्यक्रम में उल्लेखनीय प्रदर्शन पर मिला सम्मान**
**मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मौजूदगी में गरिमामय समारोह संपन्न**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय गरिमामय समारोह में मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरुण यादव को उनके उत्कृष्ट संगठनात्मक कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने उन्हें प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर यह सम्मान प्रदान किया। अरुण यादव को यह सम्मान संगठन के महत्वाकांक्षी ‘डीएलपी’ एवं ‘वी.जी. राम जी’ कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन तथा जिले में किसान हितैषी गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए दिया गया है। इस भव्य समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव, प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय तथा वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में धर्मजीत सिन्हा, संदीप मेश्राम सहित प्रदेश व जिले के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### उपलब्धि का श्रेय कार्यकर्ताओं और जिला नेतृत्व को दिया

सम्मान प्राप्त करने के बाद जिलाध्यक्ष अरुण यादव ने इस सफलता का श्रेय जिले के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और सक्रियता को दिया। उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व के चलते ही जिले में संगठन के सभी कार्यक्रम गतिशीलता के साथ सफल हो रहे हैं। उन्होंने संकल्प दोहराया कि किसान मोर्चा आगे भी किसानों की समस्याओं के समाधान और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा।

# बस्तर फाइटर्स भर्ती नियमों का स्वागत, नक्सल पीड़ित युवाओं को मिली बड़ी राहत

**प्रदेश प्रमुख धीरेंद्र साहू ने सरकार का जताया आभार; कहा - पीड़ित परिवारों के लिए खुलेगा रोजगार का रास्ता**
**5वीं पास युवाओं को पात्रता व स्थानीय बोली-भाषा के लिए बोनस अंक का प्रावधान सराहनीय**



डोंगरगढ़ (दावा)। बस्तर संभाग के स्थानीय युवाओं को पुलिस सेवा से जोड़ने के लिए बस्तर फाइटर्स के 4,600 पदों पर होने जा रही सीधी भर्ती की नियमावली का चौतरफा स्वागत हो रहा है। भर्ती नियमों में नक्सल पीड़ित परिवारों तथा राहत शिविरों में निवासरत युवाओं को दी गई विशेष छूट पर प्रदेश प्रमुख धीरेंद्र साहू ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नक्सल हिंसा का दंश झेल चुके परिवारों के युवाओं के लिए यह भर्ती मात्र एक नौकरी नहीं, बल्कि उनके जीवन को नई दिशा देने का स्वर्णिम अवसर है।

धीरेंद्र साहू ने कहा कि न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में विशेष छूट देते हुए नक्सल प्रभावित परिवारों के 5वीं पास युवाओं को भर्ती की पात्रता देना सरकार की संवेदनशील और सकारात्मक सोच को दर्शाता है। दशकों से हिंसा, विस्थापन और असुरक्षा की पीड़ा झेल रहे इन परिवारों के बच्चों के समक्ष रोजगार व उच्च शिक्षा के अवसर बेहद सीमित रहे हैं। ऐसे में नियमों में दी गई यह ऐतिहासिक छूट उनके लिए उम्मीद की नई किरण साबित होगी, जिससे वे सम्मानजनक रोजगार प्राप्त कर समाज की मुख्यधारा से मजबूती से जुड़ सकेंगे।

बस्तर फाइटर्स भर्ती की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता स्थानीय युवाओं को दी जाने वाली प्राथमिकता है। भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय बोली-भाषा की समझ व दक्षता के लिए बोनस अंक का प्रावधान रखा गया है। इससे बस्तर के अंदरूनी, दुर्गम और वनांचलों में रहने वाले युवाओं को अपनी प्रतिभा साबित करने का सीधा अवसर मिलेगा।

### सुरक्षा व्यवस्था होगी और अधिक प्रभावी

उन्होंने रेखांकित किया कि स्थानीय परिस्थितियों, विषम भौगोलिक बनावट तथा बोली की गहरी समझ रखने वाले युवा पुलिस व सुरक्षा बल में शामिल होकर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ तथा असरदार बनाएंगे। इसके साथ ही धीरेंद्र साहू ने शासन से मांग की कि नक्सल पीड़ित परिवारों के पात्र युवाओं तक भर्ती प्रक्रिया की पूरी जानकारी पहुंचाने के लिए अंदरूनी गांवों व राहत शिविरों में विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाए, ताकि कोई भी योग्य युवा सूचना के अभाव में इस अवसर से वंचित न रहे।

# कलेक्टर तनुजा सलाम ने मानपुर क्षेत्र का किया निरीक्षण



मानपुर (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तनुजा सलाम ने मानपुर क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों एवं शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम तोलुम में मिनी स्टेडियम, प्रधानमंत्री आवास एवं ग्राहक सेवा केंद्र तथा नवागांव में एफएसटीपी कार्य का जायजा लिया।

कलेक्टर ने आरसेटी में पशु सखी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं से संवाद कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वामी आत्मानंद विद्यालय में कंप्यूटर एवं विज्ञान लैब का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से पढ़ाई की स्थिति जानी। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर का औचक निरीक्षण कर ओपीडी, फार्मेसी, हमर लैब, ऑपरेशन थिएटर, एनआरसी, डायलिसिस सेंटर एवं लेबर रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं दवाइयां समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम अमित नाथ योगी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने मानदेय समय पर देने की मांग, आंदोलन की चेतावनी

मोहला (दावा)। मानपुर-अंबागढ़ चौकी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ ने जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को मानदेय समय पर नहीं मिलने की समस्या को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का मानदेय कई बार विलंब से प्राप्त होता है।

जुन 2026 से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का राज्य द्वारा प्राप्त होने वाला मानदेय अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को मानदेय नहीं मिलने की बात कही गई है।

इससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त मंच ने मांग की है कि कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का मानदेय हर माह निर्धारित समय पर भुगतान किया जाए।

# राजनांदगांव जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण 92.59 प्रतिशत

राजनांदगांव (दावा)। जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। तहसील स्तर पर अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, सीमांकन एवं त्रुटि सुधार सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 31 हजार 422 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें से 29 हजार 95 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

# शिव नगर में सामुदायिक भवन व कृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार का महापौर ने किया लोकार्पण

**मांग के अनुरूप विकास कार्य होना और जन्माष्टमी पर लोकार्पण सौभाग्य की बात : महापौर मधुसूदन यादव**



राजनांदगांव (दावा)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में नगर पालिक निगम द्वारा शहर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड क्रमांक 43 फॉरेस्ट कालोनी शिव नगर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन तथा महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास स्थित ऐतिहासिक साढ़ादेव कृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। इसके साथ ही महापौर ने शंकरपुर व बजरंगपुर नवागांव में नवनिर्मित मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होकर प्रदेश व शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### जनभावनाओं के अनुरूप हुआ निर्माण : महापौर

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि आज जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर इन जनहितैषी कार्यों को जनता को समर्पित करना उनके लिए सौभाग्य का दिन है। उन्होंने बताया कि शिव नगर वासियों की मांग सामाजिक व मांगलिक आयोजनों के लिए एक व्यवस्थित भवन निर्माण की थी। वहीं यादव समाज के बंधुओं की लंबे समय से मांग थी कि महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास स्थित आस्था के केंद्र साढ़ादेव कृष्ण मंदिर का कायाकल्प किया जाए। नागरिकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए दोनों कार्यों को पूर्ण कराया गया। उन्होंने नागरिकों से भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों पर चलकर इस पर्व को पारंपरिक उल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया।

### 20 लाख की लागत से संवरे जनसुविधा केंद्र व देवालय

नगर पालिक निगम द्वारा अधोसंरचना मद के अंतर्गत 15 लाख रुपये की लागत से शिव नगर में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है। वहीं धार्मिक न्यास योजनांतर्गत 5 लाख रुपये की लागत से साढ़ादेव कृष्ण मंदिर में आकर्षक धौलपुर पत्थर लगाकर भव्य जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण किया गया।

शिव नगर में लोकार्पण के पश्चात महापौर ने परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ केश शिल्प कल्याण बोर्ड के सदस्य देवशरण सेन, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, वरिष्ठ सभापति व वार्ड पार्षद श्रीमती खेमिन राजेश यादव, पार्षद हेमंत शेखर यादव, मनोहर यादव, श्रीमती अमृता सिन्हा, सेवक राम उईके एवं किरण यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### मंदिरों में विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास मंदिर जीर्णोद्धार के लोकार्पण अवसर पर महापौर श्री यादव ने सामाजिक बंधुओं के साथ सपत्नीक पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने शंकरपुर स्थित कृष्ण मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पार्षद श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव व समाज अध्यक्ष उत्तम यादव के साथ तथा बजरंगपुर नवागांव में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सावन वर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता राहुल चौबे के साथ पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

# गंभीर तीव्र कुपोषण से सामान्य पोषण श्रेणी में पहुंची याक्षी

**सामुदायिक प्रयासों, नियमित निगरानी और परिवार की सहभागिता से मिली सफलता**

राजनांदगांव (दावा)। सामुदायिक स्तर पर कुपोषण प्रबंधन के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों से बच्चों के पोषण स्तर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

जिले के ग्राम बोईरडीह निवासी नन्हीं याक्षी पाल भी ऐसे ही प्रयासों से कुपोषण से बाहर निकलकर सामान्य पोषण श्रेणी में पहुंच चुकी हैं। याक्षी, माता श्रीमती लक्ष्मी पाल एवं पिता श्री सूर्य प्रकाश पाल की पुत्री हैं। प्रारंभिक पोषण मूल्यांकन के दौरान याक्षी को गंभीर तीव्र कुपोषण की श्रेणी में चिन्हांकित किया गया था। उस समय उसका वजन 4.9 किलोग्राम एवं लंबाई 65 सेंटीमीटर दर्ज की गई थी। परिवार की आर्थिक परिस्थितियों और माता-पिता के दैनिक कार्य में व्यस्त रहने के कारण याक्षी की देखभाल मुख्य रूप से उसके दादा-दादी श्री उमाशंकर एवं श्रीमती गीता द्वारा की जा रही थी। याक्षी के पोषण स्तर में सुधार के लिए उसे सामुदायिक स्तर पर तीव्र कुपोषण प्रबंधन कार्यक्रम से जोड़ा गया। इसके तहत नियमित रूप से वजन एवं लंबाई का मापन, फॉलोअप, अतिरिक्त टेक-होम राशन तथा पोषण संबंधी परामर्श दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा परिवार को बच्चे की आयु के अनुरूप पर्याप्त एवं विविध आहार, भोजन की उचित मात्रा और आवृत्ति तथा बेहतर देखभाल के संबंध में लगातार मार्गदर्शन दिया गया।

परिवार ने भी पोषण संबंधी सलाह को अपनाते हुए याक्षी के आहार एवं देखभाल पर विशेष ध्यान दिया। नियमित निगरानी और परिवार की सक्रिय सहभागिता से याक्षी के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में लगातार सुधार हुआ।

आज याक्षी का वजन 7 किलोग्राम एवं लंबाई 70 सेंटीमीटर दर्ज की गई है। वह कुपोषण से बाहर निकलकर सामान्य पोषण श्रेणी में पहुंच चुकी है। याक्षी की यह सफलता समय पर कुपोषण की पहचान, नियमित निगरानी, उचित पोषण परामर्श, पूरक आहार और परिवार की सक्रिय सहभागिता के कारण संभव हो सका।

# सेवा संकल्प अभियान के नौ बिंदुओं पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ली जिला स्तरीय कार्यशाला

**0 प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों को सौंपे दायित्व, सेवा कार्यों को बूथ से लेकर घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान**

**0 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा अभियान, 1072 बूथों में जलेंगे दीप, सेवा कार्यों से जुड़ेगा हर वर्ग**



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने तथा उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किए जाने वाले सेवा संकल्प अभियान को लेकर पुष्पवाटिका स्थित योग डोम में महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में भारत माता की पूजा-अर्चना, वंदेमातरम् गान एवं छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना की गई। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भाजपा के लिए सेवा महज औपचारिकता नहीं, बल्कि संगठन की कार्यसंस्कृति और विचारधारा का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। 17 सितंबर को संभाग और जिला मुख्यालयों पर भव्य आयोजन कर लाखों दीपक प्रज्ज्वलित किए जाएं।

### कांग्रेस पर तीखा प्रहार

नक्सलवाद पर चर्चा करते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सरकार ने वार्ता, पुनर्वास और कड़ी कार्रवाई की नीति अपनाकर नक्सलवाद को नेस्तनाबूत करने का काम किया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि झीरम घाटी मामले में कोर्ट के निर्णय पर अनावश्यक भ्रम फैलाया जा रहा है; जिनके रोल मॉडल हिड़मा जैसे लोग रहे हों, उनकी नक्सल नीति क्या होगी, यह स्पष्ट समझा जा सकता है।

### नौ प्रमुख आयामों पर नियुक्त हुए प्रभारी

अभियान को बूथ स्तर तक ले जाने के लिए नौ प्रमुख आयाम तय कर प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें योजनाओं के लाभार्थियों के घर जाकर संपर्क व आभार व्यक्त करना। युवाओं व छात्रों के बीच विकसित भारत 2047 पर चित्रकला, भाषण व रचनात्मक प्रतियोगिताएं। पीएम मोदी के 25 वर्षों के कार्यों पर नुक्कड़ नाटक, संवाद व जनजागरण। आंगनबाड़ी केंद्रों में माताओं, बच्चों, कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का सम्मान व संवाद। सरकारी योजनाओं से आए सकारात्मक बदलाव की सफलता की कहानियों का प्रचार। विकसित भारत के संकल्प के साथ जन-जन तक जनजागरण यात्राएं। रक्तदान, पौधरोपण, स्वच्छता, स्वास्थ्य और प्लास्टिक मुक्ति जैसे कार्यों में आम जनता की सहभागिता। छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए शिविर व सहायता। देश के 5 प्रमुख केंद्रों पर राष्ट्रीय स्तर का आयोजन, जिसमें युवा प्रतिभाओं और नवाचार को मंच मिलेगा।

### वरिष्ठ नेताओं ने भी किया मार्गदर्शन

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि सेवा पखवाड़े को जनआंदोलन बनाकर हर बूथ तक पहुंचाना प्राथमिकता है। अभियान के जिला प्रभारी मधुसूदन यादव ने 1072 बूथों में प्रत्येक बूथ पर 100 दीपक जलाने और प्रभारियों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा से श्रेष्ठ परिणाम लाने का आह्वान किया। जिला संगठन प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने दीया खरीदते समय और कार्यक्रमों के दौरान सोशल मीडिया के व्यापक उपयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ कोठारी और आभार प्रदर्शन डिकेश साहू ने किया। इस दौरान जिले के सभी 16 मंडलों में आगामी कार्यशालाओं की तिथियां तय की गईं। कार्यशाला में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व महापौर मधुसूदन यादव, जिला संगठन प्रभारी जितेंद्र वर्मा, योगेशदत्त मिश्रा, रामजी भारती, एम.डी. ठाकुर, शशिकांत द्विवेदी, संतोष अग्रवाल, दिनेश गांधी, नीलू शर्मा, प्रदीप गांधी, रमेश पटेल, विनोद खांडेकर, राजेंद्र गोलछा, भावेश बैद, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, रविंद्र वैष्णव, महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष चिंटू सोनकर, रोहित चंद्राकर, तरुण लहरवानी, राजा माखीजा, त्रिगुण टांक, अरुण शुक्ला, रघुवीर वाधवा, देवकुमारी साहू, किरण बारले, ऋषिदेव चौधरी, जैन मेश्राम, बोधन साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र ले जाई जा रही 18 भैंसें सोमनी पुलिस ने की बरामद, 8.80 लाख का मशरूका जब्त, एक गिरफ्तार

**पुलिस को देख यू-टर्न लेकर भाग रहा था चालक, डिवाइडर से टकराई आयसर गाड़ी**



राजनांदगांव (दावा)। जिले में अवैध मवेशी तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत सोमनी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आयसर वाहन में क्रूरतापूर्वक भरकर महाराष्ट्र के भंडारा ले जाई जा रही 18 नग भैंसों को बरामद किया है। पुलिस ने मौके से वाहन व मवेशियों सहित कुल 8.80 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि उसका एक अन्य साथी फरार हो गया। सोमनी थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि रविवार 6 सितंबर को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि टाटा आयसर वाहन (क्रमांक सीजी 15-डीजेड-4514) में मवेशियों को अवैध रूप से भरकर दुर्ग की ओर से राजनांदगांव होते हुए ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी के.पी. मरकाम के पर्यवेक्षण में सोमनी पुलिस टीम ने ठाकुरटोला टोल प्लाजा के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की सघन चेकिंग शुरू की।

### पुलिस को देख भागने का प्रयास, डिवाइडर से टकराया वाहन

चेकिंग के दौरान दुर्ग की ओर से आ रहे संदिग्ध आयसर वाहन को जब रुकने का इशारा किया गया, तो चालक ने पुलिस को देखकर गाड़ी को अचानक यू-टर्न लेकर वापस दुर्ग की ओर तेज रफ्तार में भगा दिया। पुलिस टीम ने तुरंत वाहन का पीछा किया। इसी बीच ग्राम टेडेसरा के पास जीई रोड पर स्थित अपना ढाबा के सामने चालक ने गाड़ी डिवाइडर से टकरा दी। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर रुक गया। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर चालक को धर दबोचा। पूछताछ में चालक ने अपना नाम संगीत मधुकर उर्फ टेटे (30 वर्ष), निवासी ग्राम पथर्रा, थाना भिलाई-3 (जिला दुर्ग) बताया। उसने स्वीकार किया कि वह अपने साथी राजू पारधी (निवासी बुचीडीह सरदा) के साथ ग्राम पथर्रा से 18 नग भैंसों को भरकर अवैध रूप से भंडारा (महाराष्ट्र) ले जा रहा था। वाहन की तलाशी लेने पर अंदर ठूंस-ठूंस कर भरी गई 18 भैंसें बरामद हुईं। आरोपी के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 एवं 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी संगीत मधुकर को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में संलिप्त फरार आरोपी राजू पारधी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# लगातार छुट्टियों के बाद इंडेन गैस में उमड़ी उपभोक्ताओं की भीड़, सिलेंडर के लिए मची मारामारी

**ई-केवाईसी कराने की आज अंतिम तिथि, नहीं कराने पर घरेलू दर पर सिलेंडर मिलना हो सकता है बंद**



राजनांदगांव (दावा)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, शिक्षक दिवस और रविवार के साप्ताहिक अवकाश के चलते लगातार तीन-चार दिनों तक घरेलू गैस सिलेंडरों की नियमित सप्लाई प्रभावित रहने के बाद सोमवार को गैस एजेंसियों में उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। त्योहार के दौरान अतिरिक्त खपत होने से लोग खाली सिलेंडर लेकर सीधे एजेंसी कार्यालय पहुंचने लगे। जिससे दिनभर आपाधापी का माहौल रहा। भीड़ में सिलेंडर रिफिल कराने वालों के साथ-साथ ई-केवाईसी कराने पहुंचे उपभोक्ता भी शामिल थे। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार घरेलू एलपीजी कनेक्शनों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है। पूर्व में इसके लिए 17 जुलाई फिर 23 जुलाई और तत्पश्चात 31 अगस्त की समय-सीमा निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 7 सितंबर किया गया था। निर्धारित समयावधि के अनुसार आज 7 सितंबर को ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि है। समय-सीमा समाप्त होने के बाद प्रक्रिया पूरी न करने वाले कनेक्शनों को अवैध की श्रेणी में रखे जाने की संभावना है।

### जिले में ढ़ाई लाख उपभोक्ता, 15 एजेंसियां

जिलेभर में कुल 15 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनसे लगभग ढाई लाख घरेलू उपभोक्ता जुड़े हुए हैं। एजेंसियों व तेल कंपनियों द्वारा लगातार फोन कॉल व संदेश भेजने के बावजूद अभी भी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपना बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण नहीं कराया है। हालांकि वर्तमान में सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है, लेकिन आगामी दिनों में ई-केवाईसी लंबित होने पर उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### ई-केवाईसी न होने पर नहीं मिलेगी सब्सिडी : नरेंद्र डाकलिया

इंडेन गैस एजेंसी के संचालक नरेंद्र डाकलिया ने बताया कि पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य कनेक्शन को उपभोक्ता की वैध पहचान से सत्यापित करना है। जिन उपभोक्ताओं का सत्यापन नहीं होगा, उन्हें भविष्य में घरेलू दर पर सिलेंडर व सब्सिडी का लाभ मिलना बंद हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है और इसके लिए कनेक्शन सरेंडर करने की भी आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा नाम परिवर्तन का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। डाकलिया ने संभावना जताई कि उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए पेट्रोलियम कंपनियां ई-केवाईसी की अंतिम तिथि में पुनः विस्तार कर सकती हैं। वहीं विभागीय स्तर पर कनेक्शनों के तत्काल स्थायी विच्छेदन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।

# अभिलाषा में गरिमामय शिक्षक सम्मान समारोह 9 दिव्यांगों सहित 27 विभूतियों का हुआ सम्मान

**0 कलेक्टर के हाथों सम्मानित होकर गदगद हुए शिक्षक**

**0 दिव्यांगता विकास में बाधा नहीं, उच्च शिक्षा में व्यक्तिगत सहयोग करेंगे: कलेक्टर**



राजनांदगांव (दावा)। दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ संचालित शिक्षण, प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान 'अभिलाषा' में शिक्षक दिवस के अवसर पर गरिमामय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कलेक्टर जितेंद्र ने 9 दिव्यांगों सहित कुल 27 शिक्षकों एवं संस्था से जुड़े सेवाभावी लोगों को बारी-बारी से सम्मानित किया। कलेक्टर के हाथों सम्मान पाकर सभी शिक्षक और सहयोगी गदगद नजर आए। समारोह का शुभारंभ भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं विद्या की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर हुआ। संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार बोद्गन ने आत्मीय स्वागत उद्बोधन दिया। इसके पश्चात प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने संस्था की विभिन्न गतिविधियों और पुनर्वास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

### विकास में दिव्यांगता आड़े नहीं आती:कलेक्टर

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कलेक्टर ने कहा कि विकास की राह में दिव्यांगता कभी आड़े नहीं आती। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि यदि कोई भी दिव्यांग विशेष या उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहता है, तो वे उसमें व्यक्तिगत रूप से पूरा सहयोग करेंगे। कलेक्टर ने आगे कहा कि आज के दौर में आधुनिक व्यवस्था के अनुरूप वर्तमान शिक्षा से जुड़ना आवश्यक है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, ''मैं जब तक छत्तीसगढ़ राज्य में सेवा दे रहा हूं, अभिलाषा संस्था आता रहूंगा।'' दानदाताओं और सहयोगियों के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि दान प्रचार का विषय नहीं है, आपके द्वारा किया गया निस्वार्थ कार्य खुद-ब-खुद लौटकर समाज को नई दिशा देता है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन, वॉशिंग मशीन की भेंट

समारोह के दौरान दिव्यांग बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की अतिथियों ने मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट ग्रुप भिलाई के प्रतीक अग्रवाल एवं साथियों द्वारा संस्था को वाशिंग मशीन भेंट की गई। समारोह में जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया। कार्यक्रम को संस्था के संरक्षक गौतम पारख ने भी संबोधित किया। सम्मानित होने वालों में अभिलाषा के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव, प्राचार्य श्रीमती वंदना टूरहाटे, शिक्षक बीरेन्द्र गंधर्व, नामी सिंह ठाकुर, भूपेश देशलहरा, नरेन्द्र देवदास, कुशाल चंद जंघेल, महेंद्र सिंह यादव, अमित, पुरुषोत्तम, करण, दुलारी, ललिता, कल्पना, चमेली शामिल रहे। इसके अलावा शासकीय बौद्धिक मंदता विशेष विद्यालय के महेंद्र सोनवानी, दीप्ति देवांगन, सुभाषिनी तथा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूर्णिमा शुक्ला, अलेन राम ठाकुर, राजेशचंद्र चौधरी, श्रीमती सोमिन साहू व सुश्री फरजाना अख्तर खान को भी कलेक्टर व पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, सचिव श्रीमती रूपम सोनछत्रा, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार बाजपेई, संयुक्त सचिव आलोक बिंदल, राजेश अग्रवाल, जनसंपर्क प्रभारी सूरज बुद्धदेव, महेश खंडेलवाल, सुदामा मोटलानी, अमृता खंडेलवाल, अशोक श्रीवास्तव, बालाजी, चंकी अग्रवाल तथा सामर्थ्य स्कूल से सुमित, पन्ना, करण सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का सहज संचालन और आभार प्रदर्शन संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने किया।

# शिक्षक दिवस : डॉ. रमन सिंह ने याद किए स्कूल के दिन, कुमुदनी मैडम, झा सर और चटर्जी सर को नमन कर साझा किए संस्मरण



रायपुर (दावा)। राजनांदगांव शिक्षक दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने स्कूली दिनों की यादों को साझा करते हुए अपने गुरुजनों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने अध्यापकों के साथ हुए एक भावुक संस्मरण को साझा करते हुए कहा कि आज वे जिस मुकाम पर हैं, उसमें उनके शिक्षकों के परिश्रम और सही मार्गदर्शन का सबसे बड़ा योगदान रहा है। डॉ. रमन सिंह ने अपने केमिस्ट्री की शिक्षिका आदरणीय कुमुदनी वैष्णव मैडम से लंबे समय बाद हुई मुलाकात का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के दिनों में अणु-परमाणु की पढ़ाई और पीरियोडिक टेबल याद करने का गृहकार्य काफी कठिन लगता था, लेकिन कुमुदनी मैडम ने हमेशा उनका उत्साहवर्धन किया और जटिल से जटिल प्रश्नों को भी बहुत सरल तरीके से समझाया।

पुराने दिनों को याद करते हुए डॉ. सिंह ने अपने हिंदी के अध्यापक 'झा सर' को भी नमन किया, जो भाषा और व्याकरण की शुद्धता पर विशेष जोर देते थे। साथ ही उन्होंने अपने फिजिक्स के अध्यापक 'श्याम सुंदर चटर्जी सर' का स्मरण करते हुए बताया कि उन्होंने किस तरह व्यावहारिक (प्रैक्टिकल) ढंग से गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांतों को समझाया था। कुमुदनी मैडम के साथ मुलाकात के दौरान इन सभी सुखद प्रसंगों और पुरानी स्मृतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। अपने संस्मरण के अंत में डॉ. रमन सिंह ने भावुक होकर कहा, 'आप सभी अध्यापकों के अथक परिश्रम और सही मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि क्लास में लकड़ी की मेज पर बैठा 'रमन' आगे बढ़कर 'डॉ. रमन' बन पाया।' शिक्षक दिवस के इस पावन अवसर पर उन्होंने अपने सभी गुरुजनों के चरणों में शीश झुकाकर नमन किया और प्रदेशवासियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# आज शाम इंदिरा नगर टंकी से पेयजल आपूर्ति बाधित

राजनांदगांव (दावा)। मोहारा बस्ती में सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए 10 एमएलडी प्लांट के राईजिंग पाईप लाईन में पाईप लाईन जोडने के कारण इंदिरा नगर टंकी (क्षमता 15.00 लाख लीटर) से 7 सितम्बर को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 8 सितम्बर मंगलवार सुबह से पानी सप्लाई यथावत रहेगी। टंकी सफाई की कडी में साफ पेयजल सप्लाई के लिए इसी माह से टंकियो की सफाई भी कराई जाएगी।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने बताया कि मोहारा बस्ती के ऊचाई क्षेत्र जहाँ टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई होती है। वहाँ पानी सप्लाई के लिए 15वें वित्त आयोग योजनांतर्गत पाईप लाईन बिछाया गया है। जिसे 10 एमएलडी फिल्टर प्लांट के राईजिंग पाईप लाईन से जोडा जाना है। पाईप लाईन जुड़ जाने से मोहारा बस्ती के ऊचाई क्षेत्र में सुचारू पेयजल सप्लाई होगी। उन्होंने बताया कि उक्त पाईप लाईन जोडने के कारण इंदिरा नगर टंकी (क्षमता 15 लाख लीटर):- इंदिरा नगर वार्ड, चैखड़िया पारा, नंदई, हिरामोती लाईन, गंज लाईन, ब्राम्हणपारा, पठानपारा, उदयाचल, दुर्गा चैक, दिग्विजय कालेज रोड़, दिवानपारा, सतनामी पारा, सेठीनगर, मोहारा, बजरंगनगर क्षेत्र में 7 सितम्बर की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। 8 सितम्बर मंगलवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है। आयुक्त ने जानकारी दी कि साफ एवं स्वच्छ पेयजल सप्लाई के लिए मोहारा फिल्टर प्लांट के सीएफएल तथा निगम सीमाक्षेत्र स्थित टंकियो की भी सफाई साल में दो बार कराई जाती है। सफाई की कडी में इसी माह से सभी टंकियो की सफाई पुनः कराई जायेगी, ताकि नागरिको को साफ व स्वच्छ पेयजल मिल सके।

# चाकू दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



राजनांदगांव (दावा)। सार्वजनिक स्थलों पर धारदार हथियार लहराकर आम लोगों में खौफ पैदा करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार किया है। चौकी चिखली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चाकू दिखाकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो नग धारदार स्टील के चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा असमाजिक तत्वों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत रविवार, 6 सितंबर को गश्त पेट्रोलिंग के दौरान यह कार्रवाई की गई। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गठुला नाला पुल के पास चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे आरोपी सलित यादव (पिता कंश यादव, उम्र 22 वर्ष, निवासी शांतिनगर वार्ड नं. 10) को घेराबंदी कर पकड़ा गया। इसी तरह एक अन्य कार्रवाई में दीनदयाल नगर स्थित जनक भवन के पास लोगों में भय उत्पन्न कर रहे आरोपी विजय साहू (पिता महादेव साहू, उम्र 22 वर्ष, निवासी चिखली छोटा तालाब बजरंगबली मंदिर के पास, वार्ड नं. 10) को धर दबोचा गया। तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों के पास से एक-एक नग धारदार स्टील का चाकू बरामद किया गया।

# श्री सत्यनारायण मंदिर में जन्माष्टमी पर उमड़ी भक्तों की भारी भीड़



राजनांदगांव (दावा)। श्री सत्यनारायण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव के अवसर पर शुक्रवार, 4 सितंबर को भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में सुबह 7 बजे से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान श्री सत्यनारायण जी के दर्शन किए और बाल गोपाल को झूला झुलाकर 'जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। राजनेताओं से लेकर जिला कलेक्टर सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए।

### 105 वर्षों की परंपरा में सजा दरबार

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के भवन व्यवस्था प्रभारी नीतीश अग्रवाल एवं कार्यकारिणी सदस्य जुगल किशोर अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में विगत 105 वर्षों से सनातन संस्कृति के अनुरूप श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने की विशिष्ट परंपरा चली आ रही है। इस वर्ष भी सेवा में समर्पित अध्यक्ष हरीश अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में भगवान श्री सत्यनारायण जी का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। पीले, हरे एवं लाल वस्त्रों से सुसज्जित भगवान का आकर्षक फूलों से भव्य दरबार सजाया गया। देश के विभिन्न राज्यों से मंगाए गए रंग-बिरंगे एवं सुगंधित पुष्पों से मंदिर परिसर की दिव्य छटा देखते ही बन रही थी। फूलों की विविधता और मनमोहक सजावट ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्त भगवान की मनोहारी छवि के दर्शन कर भावविभोर होते रहे और उनकी अलौकिक छवि को एकटक निहारते रहे।

### मध्यरात्रि हुआ जन्मोत्सव

मध्यरात्रि 12 बजे हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी पंडित कालू महाराज एवं बद्री महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लड्डू गोपाल की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक किया। इसके पश्चात भगवान का श्रृंगार कर उन्हें आभूषणों से सुसज्जित किया गया। माखन-मिश्री, धनिया पंजीरी एवं विभिन्न फलों का महाभोग अर्पित किया गया। भगवान के प्राकट्य के साथ ही मंदिर परिसर 'जय कन्हैया लाल की', 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' तथा 'नंद घर आनंद भयो' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं में अपने आराध्य के प्रति अपार उत्साह और भक्ति का भाव दिखाई दिया। जन्माष्टमी महोत्सव में अनेक नन्हे बच्चे राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में मंदिर पहुंचे। बाल गोपाल एवं राधा की छवि में सजे बच्चों ने महोत्सव की शोभा बढ़ा दी। उनके मनमोहक रूप को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। समिति के निवृत्तमान अध्यक्ष अशोक लोहिया एवं भवन व्यवस्था प्रभारी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर संस्कारधानी राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे, नगर के प्रथम नागरिक एवं सेवा भावी महापौर मधुसूदन यादव, राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, मोना गोसाई, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्री सत्यनारायण जी के दर्शन किए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com